
एजूकेशनल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया गया 7

दैनिक

# राजधानी मीडिया

Writing truth to Power

वर्ष-11, अंक 73 | ग्वालियर, सोमवार 2 जून 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य: 1


## ममता ने बंगाल को बनाया हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र : अमित शाह

**कोलकाता** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार, हिंसा और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। अमित शाह ने कहा कि वर्षों तक बंगाल ने हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व किया है। कई वर्षों तक यहां कम्युनिस्टों का भी शासन रहा। उसके बाद ममता दीदी ने आकर इस भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, अपराध और हिंदुओं पर अत्याचार का केंद्र बना दिया। उन्होंने ममता बनर्जी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर देश की करोड़ों माताओं-बहनों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और राज्य की महिलाओं से चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सिंदूर की कीमत समझा देने की अपील की।

गृह मंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् के रचयिता महान बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की इस भूमि ने वर्षों तक देश का मार्गदर्शन किया। ज्ञान, धर्म, स्वतंत्रता संग्राम समेत हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में कई साल तक कम्युनिस्टों का शासन रहा। उसके बाद मां, माटी, मानुष का नारा देकर सत्ता में आने वाली ममता बनर्जी ने महान बंग भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, स्त्रियों पर अत्याचार, अपराध, बम धमाकों और हिंदुओं के साथ दुराचार का केंद्र बनाकर रख दिया है।

उन्होंने कहा कि बंगाल की इसी धरती पर चुनाव के दौरान और तृणमूल कांग्रेस के चुनाव जीतने के बाद भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं की हत्या की गई। पूरे देश में चुनाव के दौरान हिंसा खत्म हो गई होगी, लेकिन बंगाल में हिंसा जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री ने तृणमूल सुप्रीमो को चुनौती देते हुए कहा, दीदी, हिंसा करने वालों को आप कब



- केंद्रीय गृह मंत्री ने कोलकाता में विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित
- कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए 'आपरेशन सिंदूर' का विरोध कर रही हैं बंगाल की मुख्यमंत्री

तक बचाती रहेंगी? आपका समय पूरा हो गया है और 2026 में पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। पिछले 10 वर्षों में पश्चिम बंगाल सरकार को जारी किए गए 8,27,000 करोड़ रुपए यूपीए की तुलना में चार गुना अधिक हैं। हमारा फोकस प्रदेश का विकास है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को ललकारते हुए कहा, हिम्मत हो तो बिना हिंसा के चुनाव कराकर देखिए, आपकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर देश की करोड़ों माताओं-बहनों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और राज्य की महिलाओं से चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सिंदूर की कीमत समझा देने की अपील की।

### रूस के हमले में यूक्रेन के 12 सैनिकों की मौत, 60 से अधिक घायल

# यूक्रेन के जवाबी हमले में 40 रूसी विमान ध्वस्त

- हमले को अंजाम देने में डेढ़ साल से अधिक का लगा समय
- इसकी निगरानी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने स्वयं की थी

**कीव** । यूक्रेन ने रविवार को दावा किया कि उसने रूस की सीमा में दाखिल होकर उसके 40 से अधिक सैन्य विमान नष्ट कर दिये हैं। इससे एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किये थे। यूक्रेन और रूस ने एक दूसरे पर हमले ऐसे समय तेज किये हैं जब दोनों पक्ष तुर्किये के इस्तांबुल शहर में सीधी बातचीत के नये दौर में शामिल होने जा रहे हैं।

इससे पहले रविवार को यूक्रेन की थलसेना ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर रूस द्वारा किये गए हमले में उसके कम से कम 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए। यूक्रेन के एक अधिकारी ने बताया कि हमले को अंजाम देने में डेढ़ साल से अधिक का समय लगा और इसकी निगरानी व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने की। उन्होंने बताया कि हमले के लिए ट्रकों में लादकर ड्रोन रूसी सीमा के काफी भीतर तक ले जाया गया। अधिकारी के मुताबिक ड्रोन से कथित तौर पर रविवार दोपहर कई हवाई अड्डों पर खड़े 41 विमानों को निशाना बनाया गया जिनमें ए-50, टीयू-95 और 22टीएम विमान शामिल हैं। रूस ने इससे पहले पहले यूक्रेन पर मिसाइल दागने के लिए तुपोलेव टीयू-95 और टीयू-22 लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम इन बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल किया है, जबकि ए-50 का उपयोग लक्ष्यों का समन्वय करने और हवाई सुरक्षा और निर्देशित मिसाइलों का पता लगाने के लिए किया जाता है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में पुष्टि की कि उसके पांच हवाई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है। बयान में कहा गया है कि एफपीवी ड्रोन ने यूक्रेन से 4,000 किलोमीटर से अधिक दूर इरकुत्स्क क्षेत्र के साथ-साथ रूस के उत्तरी मरमंस्क में हवाई अड्डों पर विमानों को नुकसान पहुंचाया और हमले से उनपर आग लग गई।

मंत्रालय ने कहा कि रूस के सुदूर पूर्व में अमूर क्षेत्र तथा इवानोवो और रियाजान के पश्चिमी क्षेत्रों में हमलों को विफल कर दिया गया। यह हमला उसी दिन हुआ जब जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन सोमवार को रूस के साथ सीधी शांति वार्ता के लिए इस्तांबुल में अपना एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा, 'हम अपनी आजादी, अपने देश और अपने लोगों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।' यूक्रेन के अधिकारियों ने पहले क्रेमलिन से कहा था कि वह बैठक से पहले युद्ध समाप्त करने पर अपनी स्थिति को स्पष्ट करने वाला एक ज्ञापन प्रस्तुत करे। रूस ने कहा था कि वह वार्ता के दौरान अपना ज्ञापन साझा करेगा।



### रूस में विस्फोट से दो पुल ढहे, 7 मरे

**मॉस्को (एपी)** । पश्चिमी रूस में शनिवार रात में विस्फोटों के कारण दो पुल ढह गए और दो ट्रेन पटरी से उतर गई। इनमें से एक घटना में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने हालांकि विस्फोटों के कारणों के बारे में नहीं बताया।

यूक्रेन की सीमा से लगे ब्रायंस्क क्षेत्र में स्थित पहला पुल शनिवार को एक यात्री ट्रेन के ऊपर गिर गया, जिससे कई लोग हताहत हुए। कुछ घंटे बाद, अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की सीमा से लगे पास के कुर्स्क क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने से दूसरी ट्रेन भी पटरी से उतर गई। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशतेन ने रविवार को बताया कि विस्फोट के कारण पुल ढहने की इस दुर्घटना में एक मालगाड़ी पटरी से उतरकर सड़क पर गिर गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण आग लग गई, लेकिन कोई हताहत नही हुआ। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी 'जांच समिति' ने एक बयान में कहा कि विस्फोटों के कारण दो पुल ढह गए, लेकिन उसने और कोई विवरण नही दिया। सरकारी एजेंसियों द्वारा ब्रांस्क क्षेत्र में घटनास्थल की पोस्ट की गई तस्वीरों में ट्रेन के डिब्बे बिखरे हुए और पुल के मलबे के बीच दिखाई दे रहे हैं।

### रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला

रूस ने तीन साल से जारी युद्ध में रविवार को ड्रोन की संख्या के लिहाज से यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला किया। यूक्रेन की वायुसेना ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि देश पर 472 ड्रोन से हमले किये गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इग्नाट ने बताया कि रूसी सेना ने ड्रोन के हमले के साथ सात मिसाइलें भी दागीं।

## डांटने का अर्थ आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं : SC

**नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय ने डांटने के बाद छात्र के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था ने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली।

न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नही सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा, पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते है। जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं। व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नही था।



- शीर्ष अदालत ने आरोपी शिक्षक को किया बरी
- कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है

## पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ की स्थिति गंभीर, जनजीवन ठप

**नई दिल्ली** पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ से स्थिति गंभीर हो गई है। इससे जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ जैसी स्थिति का सामना कर रहे है। बाढ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है।



लखीमपुर : अमतोला गांव में सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए केले की नाव का उपयोग करता एक ग्रामीण।

- असम में बाढ़ और भूस्खलन से आठ की मौत, 78 हजार से अधिक निवासी प्रभावित
- मणिपुर में भारी बारिश से 883 घर क्षतिग्रस्त
- वायुसेना ने उफनती नदी में फंसे 14 लोगों को बचाया
- 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर

अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई है और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में बृहस्पतिवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए और आठ अन्य लोग लापता हो गए थे। असम में रविवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही। राज्य की 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और 15 से अधिक जिलों में 78 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हुए है।

मणिपुर में भारी बारिश के कारण पिछले 48 घंटों में बाढ़ और भूस्खलन से 3,802 लोग प्रभावित हुए हैं और 883 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नदियों के उफान पर आने और तटबंध टूटने के कारण राज्य की राजधानी इंफाल और इंफाल पूर्व जिले के कई इलाकों में जलभराव हो गया। रविवार को भारतीय वायु सेना के जवानों ने असम-अरुणाचल सीमा पर उफनती बोमजीर नदी में फंसे चौदह लोगों को बचा लिया।



मौसम हुआ सुहाना...

नई दिल्ली : रविवार को इंडिया गेट पर बारिश का लुत्फ उठाते आगंतुक।

## 31 अक्टूबर-26 से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला



**नासिक** । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में रविवार को नासिक कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में सिंहस्थ कुंभ मेले की महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा की गई। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा और 24 जुलाई 2028 तक चलेगा।

नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को होगा और तीसरा और अंतिम स्नान 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षो में एक बार आयोजित होता है। तारीखों की घोषणा की पुष्टि करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि बैठक में सभी 13 मुख्य अखाड़ों के संतों और पुरोहित संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बैठक में उपस्थित लोगों को एक इस विशाल कार्यक्रम के आयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो का विवरण उपलब्ध कराया गया। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, 4000 करोड़ रुपए की लागत वाले कार्यों की निविदाएं जारी की जा चुकी है। 2000 करोड़ रुपए की लागत वाले अन्य कार्यों की निविदाएं भी जल्द ही जारी की जाएंगी। सीवेज शोधन संयंत्र, गोदावरी नदी की सफाई और 'साधुग्राम' के लिए भूमि अधिग्रहण का काम भी प्रगति पर है।

- मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की बैठक
- 24 जुलाई 2028 तक चलेगा मेला

## अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं सशस्त्र बल

**नई दिल्ली** । दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इनकार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किये जाने के आदेश को बरकरार रखा और कहा है कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने तीन मार्च, 2021 के आदेश को चुनौती दी है जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था।

अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ के वैध आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है। पीठ ने कहा कि मौजूदा मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि यह अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का सवाल है। पीठ ने कहा कि मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के वैध आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। इसने कहा कि यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है। पीठ ने कहा, हमारे सशस्त्र बलों में सभी धर्मों, जातियों, पंथों, क्षेत्रों और आस्थाओं के कार्मिक शामिल है, जिनका एकमात्र उद्देश्य देश को बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित रखना है और इसलिए वे अपने धर्म, जाति या क्षेत्र के आधार पर विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक आवश्यकताओं और परेड के लिए केवल एक मंदिर और एक गुरुद्वारा ही रखे हुए है। याचिकाकर्ता ने खुद को ईसाई धर्म को मानने वाला बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान अपने सैनिकों के साथ जाते समय मंदिर के सबसे भीतरी भाग में प्रवेश करने से छूट मांगी थी। सेना के अधिकारियों ने बर्खास्तगी का बचाव करते हुए कहा कि सेना में अन्य ईसाई अधिकारियों के माध्यम से प्रयास किए गए थे और बर्खास्त अधिकरी (याचिकाकर्ता) को एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि अपने कर्तव्य के हिस्से के रूप में 'सर्व धर्म स्थल' में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा। लेकिन इसके बावजूद याचिककर्ता अपने रुख पर अडिग रहा।




- दिल्ली हाईकोर्ट ने ईसाई सैन्य अधिकारी की बर्खास्तगी को बरकरार रखा
- कहा, मौजूदा मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है

# अरविंद, राम सिंह, अनिषा और माया ने मिलकर एक युवक के साथ की मारपीट...

घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)

डबरा। आंतरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बझेरा निवासी जयेन्द्र परिहार पुत्र विलासी राम परिहार उम्र 35 साल ने पुलिस को दी शिकायत में आरोपी अरविंद परिहार, राम सिंह परिहार, अनिषा परिहार, माया परिहार आरोप लगाया है कि आरोपियों ने फरियादी को अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## पुरानी रंजिश की चलते चार लोगों ने मनीष के साथ की मारपीट...

घाटीगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरियादी मनीष उर्फ दीपू पुत्र राजेंद्र सिंह गुर्जर उम्र 29 साल निवासी ग्राम धुँआ ने मुकेश गुर्जर, रानू गुर्जर, बंटी गुर्जर और संदीप गुर्जर पर मारपीट करने अश्लील गालियां देने व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## दो लोगों ने मिलकर जूली के साथ की मारपीट....

घाटीगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धुँआ रोड निवासी जूली पत्नी रवि कुशवाहा 26 साल पुलिस को दी शिकायत में रवि कुशवाहा और सौमा कुशवाहा पर मारपीट करने अश्लील गालियां देने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस में फरियादिया की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## लोडिंग वाहन ने ईको वाहन में मारी टक्कर एक युवक घायल

बिलौआ राष्ट्रीय राजमार्ग 44 आंतरी तिराहे के पास एक तेज रफ्तार लोडिंग वाहन चालक ने ईको वाहन में टक्कर मार दी जिस घटना में एक युवक घायल हो गया। फरियादी बलवीर सिंह पुत्र रामनाथ सिंह सोलंकी उम्र 32 साल निवासी ग्राम मोहरवन सिह का पुरा थाना बिजौली ने लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 07 एल 6176 के चालक पर आरोप लगाया है कि चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए ईको वाहन में टक्कर मारी, जिस घटना में एक वाहन में बैठा एक व्यक्ति अमरीश चौहान घायल हो गया जिसे 108 एंबुलेंस से ग्वालियर जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## विकास ने पवन धाकड को दी जान से मारने की धमकी

मोहना थाना क्षेत्र के अंतर्गत करई पाटई तिराहे पर एक व्यक्ति ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। फरियादी पवन धाकड़ पुत्र दिनेश धाकड़ उम्र 18 साल निवासी मेला ग्राउण्ड के पीछे मोहना ने पुलिस को दी शिकायत में विकाश धाकड़ पुत्र मंगल धाकड़ निवासी होली का डाडा मोहना पर आरोप लगाया है, कि आरोपी ने अश्लील गालियां देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस में फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सौरभ चौरसिया को अवैध शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलौआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोहिनूर ढाबा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से सहायक उप निरीक्षक सुदीप सिंह परमार ने एक व्यक्ति को 20 क्वार्टर देसी प्लेन शराब जिसकी कीमत 1600 है उसे जप्त किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सौरभ चौरसिया पुत्र हरिओम चौरसिया उम्र 30 साल निवासी बिलौआ बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं द्वितीय कार्रवाई में प्रधान आरक्षक धीरेंद्र सिंह यादव ने लखनपुरा सरकारी स्कूल के पास से 16 क्वार्टर देसी प्लेन शराब के साथ युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेम सिंह कुशवाहा पुत्र हरि सिंह कुशवाहा उम्र 30 साल निवासी लखनपुरा बताया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# डबरा रेलवे स्टेशन को जल्द मिलेगी नई सौगात, सड़क और ओवरब्रिज का रास्ता साफ

घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)




डबरा। डबरा वासियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वर्षों से लंबित डबरा रेलवे स्टेशन पर नए ओवरब्रिज और सड़क निर्माण की मांग अब मूर्त रूप लेने जा रही है। शनिवार को ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाहा और झांसी रेल मंडल के डीआरएम आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से डबरा रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर आगामी विकास कार्यों की नींव रखी।

निरीक्षण की शुरुआत ठाकुर बाबा गेट क्रमांक 394 से हुई, जहां नया रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। सांसद कुशवाहा ने डीआरएम के साथ मौके का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट कहा कि इस परियोजना की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) जल्द तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी जाए। डीआरएम आशुतोष कुमार ने भी इस कार्य में तेजी लाने और तकनीकी सहमति प्रदान करने की बात कही।

इसके बाद दोनों अधिकारियों ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे डबरा रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन तक पहुंचने के लिए नए मार्ग की आवश्यकता को देखते हुए सराफा बाजार से स्टेशन तक डायरेक्ट कनेक्टिविटी का सुझाव दिया गया। सांसद कुशवाहा ने स्थानीय जनता की मांगों को ध्यान में रखते हुए इस रास्ते को जल्द से जल्द खोलने का आश्वासन दिया।

हालांकि यह उल्लेखनीय है कि रेलवे ओवरब्रिज का प्रस्ताव पहले भी कई बार निरीक्षण के बावजूद अधर में लटका रहा है। लेकिन इस बार सांसद कुशवाहा की सक्रियता और डीआरएम की सहमति के चलते उम्मीद की जा रही है कि कार्य को अब मंजूरी और गति दोनों मिलेंगी। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में डबरा क्षेत्र विकास की किस गति से आगे बढ़ता है। यदि यह योजनाएं समय पर पूर्ण होती हैं, तो डबरा रेलवे स्टेशन न केवल सुविधाजनक होगा बल्कि क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### इनका कहना....



हमारा प्रयास रहेगा कि डबरा स्टेशन पर अधिक से अधिक ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें और विद्यार्थियों को शिक्षा हेतु बाहर आने-जाने में सुविधा हो।

**सांसद भरत सिंह कुशवाहा**

# रामगढ़ नाले की सफाई और गहरीकरण को लेकर नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

## पूर्व की बाढ़ में दो लोगों की मौत के बाद 88 करोड़ की डीपीआर तैयार, अब निगाहें समय पर कार्रवाई पर

घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)



डबरा। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 से होकर बहने वाले रामगढ़ नाले की जर्जर एवं अवरुद्ध स्थिति को लेकर आज क्षेत्रवासियों ने सांसद भारतसिंह कुशवाह को एक ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने बरसात पूर्व नाले की तत्काल सफाई, गहरीकरण एवं चौड़ीकरण कराने की मांग की है, ताकि आने वाले दिनों में बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जा सके।

ज्ञापन का नेतृत्व कर रहे भाजपा नगर मंडल डबरा के पूर्व उपाध्यक्ष सतेन्द्र भार्गव ने बताया कि वर्ष 2024 में हुई भारी वर्षा के दौरान रामगढ़ नाले का जलस्तर उफान पर आ गया था, जिससे वार्ड क्रमांक 13 स्थित नंदू का डेरा क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ था। कई मकान जलमग्न हो गए थे और दुर्भाग्यवश दो लोगों की पानी में बहने से मौत हो गई थी। इसके अलावा कई मवेशी भी बहे और घरों में पांच दिन तक पानी भरा रहा, जिससे खाद्यान्न व जीवनोपयोगी सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई थी।

राहत कार्यों के लिए प्रशासन को सेना और नावों की मदद लेनी पड़ी थी। ऐसी भयावह स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए नाले की तत्काल सफाई और गहरीकरण आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में स्वयं सांसद भारतसिंह कुशवाह ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण कर रामगढ़ नाले के पुनर्निर्माण हेतु शासन को एक 88 करोड़ रुपये की लागत वाली डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) भेजी थी। हालांकि अभी तक यह राशि शासन स्तर पर स्वीकृत नहीं हुई है। तब तक के लिए क्षेत्रवासियों ने नाले की अस्थायी सफाई और गहरीकरण की मांग की है, ताकि आगामी मानसून में डबरा के नागरिक सुरक्षित रह सकें।

ज्ञापन सौंपने वालों में सतेन्द्र भार्गव (पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा नगर मंडल डबरा), शरण शाक्य, रामकुमार सिंह चौहान, बलराम, मोहनसिंह कुशवाह, नवलसिंह कुशवाह, प्रवेश शर्मा, अमित बाथम कुशवाह, भूपेन्द्र पाराशर, दिनेश कुमार शुक्ला, सोनू जाट, श्वेता जिहराणा, रोहित पच्चदरी, पुरेन्द्र शर्मा, विद्युत पाराशर, अजित शिवहरे, हिमांशु सहित कई अन्य स्थानीय नागरिक शामिल रहे।नागरिकों को अब उम्मीद है कि सांसद इस दिशा में त्वरित कार्रवाई कर, जनता से किए वादे को निभाते हुए डबरा को जल संकट से निजात दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

# आर्य समाज डबरा का वार्षिक निर्वाचन सम्पन्न, कन्देले प्रधान, चन्देल उपप्रधान एवं बर्मा, कोषाध्यक्ष चुने गए

घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)



डबरा। ,आर्य समाज डबरा की पूर्व निर्धारित बैठक डी ए वी स्कूल सराफा बाजार आहुति की गई जिसमें निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश भदौरिया द्वारा निर्वाचन सम्पन्न कराया गया जिसमें राजेंद्र कन्देले को पुन: प्रधान चुना गया उपप्रधान महेंद्र सिंह चन्देल, सुरेश शिवहरे महिला प्रतिनिधि श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव मंत्री सत्य प्रकाश भदौरिया, कोषाध्यक्ष हरचरण लाल बर्मा पुन: चुना गया साथ ही पांच सदस्यीय संरक्षक मंडल, जिसमें बरिष्ठ सदस्यों में शिवनाथ सिंह भदौरिया, सत्यपाल डावानी, सुन्दर संतवानी, छदामी लाल कुशवाहा एवं मदन सिंह परमार वनाया गया।

उपमंत्री प्रमोद अम्ब,अजय गुप्ता पुस्तकालय अध्यक्ष रघुवीर सिंह रजक व सात सदस्यीय अंतरंग सभा का गठन किया गया जिसमें दिनेश अग्रवाल, राजेश सचदेवा,महेंद्र सिंह भदौरिया, मुकेश श्रीवास्तव हरिमोहन गुप्ता,उमाकांत खरे ,सुरेश नारंग आदि सदस्य शामिल हैं साथ ही महिला सभा हेतु श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव, श्री मती कुसुम रायकवार उर्मिला गुप्ता, माया सोनी, एवं सुमन परिहार, प्रदेश प्रतिनिधि बृहमस्वरूप शर्मा मुकेश श्रीवास्तव व पुरोहित यतेन्द्र चौहान नियुक्त किए गए प्रधान राजेंद्र कन्देले द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों/सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया आजकी बैठक शामिल सभी सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश भदौरिया धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोगों ने दी बहू को प्रताड़ना

घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)

डबरा। जिस पिता ने बड़े अरमानों के साथ अपनी बेटी का हाथ उस लड़के को सौप था कि वह लड़का जिंदगी भर उसका मानं और सम्मान करेगा उस पिता को नहीं पता था की शादी के कुछ दिनों उपरांत दहेज के लालची लोग बेटी को इतनी प्रताड़ना देंगे। ऐसा ही एक मामला पिछोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत 25 वर्षीय महिला ने अपने ससुराल के लोगों पर आरोप लगाया है कि आरोपियों ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की प्रताड़ना दी और उसे घर से भगा दिया अपने पिता के साथ बेटी पुलिस थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित महिला की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार फरियादिया अर्चना पुत्री राकेश रजक पत्नी दीपक उर्फ राहुल रजक उम्र 25 साल निवासी रंगयाना मोहल्ला गोसपुरा नंबर 1 ने पुलिस को दी शिकायत में अपने पति दीपक, ससुर नंदराम रजक, पदमा रजक और वर्षा रजक निवासीगढ़ गोषपुर थाना हजीरा पर आरोप लगाए हैं कि उसके पिता ने शादी के वक्त ससुराल के लोगों को नगदी सहित बहुत कुछ सामान दिया।

लेकिन उसके बावजूद भी ससुराल के लोग दहेज में नगद रुपया मांग रहे हैं और जब अर्चना ने ससुराल के लोगों की मांग पूरी नहीं की तो ससुराल के लोग आए दिन अर्चना के साथ मारपीट करते अश्लील गालियां देते और उसे मानसिक प्रताड़ना देकर टॉर्चर करते यहां तक की अर्चना को घर से मायके भाग दिया। पीड़ित महिला अपने पिता के घर आई और अपने पिता को पूरी घटना से अवगत कराया। पिता बेटी अर्चना को साथ लेकर पुलिस थाने पहुंचा और थाना प्रभारी को पूरी घटना से अवगत कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फरियादिया की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया पति पर...

पिछोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरियादिया सरोज बाथम पत्नी अभिजीत बाथम उम्र 21 साल निवासी परीक्षा रीछोरा ने पुलिस को दी शिकायत में पति अभिजीत सिह निवासी कल्याण पुर पिछोर पर आरोप लगाया है कि आरोपी पति 10 अगस्त 2023 से 15 मई 2025 तक दहेज में नगद रूपयों की मांग करता है और न देने पर मारपीट करता है। पुलिस ने फरियादिया महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# डबरा स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के हाल्ट की मांग पर सिंधु रॉयल्स ने सौंपा ज्ञापन

## सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने दिया गोंडवाना एक्सप्रेस के ठहराव का आश्वासन

घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)



डबरा। डबरा रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को लेकर सिंधु रॉयल्स संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद भारत सिंह कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जी.टी. एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस, गीता जयंती एक्सप्रेस (खजुराहो-कुरुक्षेत्र), और गोंडवाना एक्सप्रेस (12405/06, 12409/10) जैसी ट्रेनों का डबरा स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई।

संस्था ने बताया कि डबरा एक अमृत श्रेणी का व्यस्त रेलवे स्टेशन है, जहां से प्रतिदिन हजारों यात्री यात्रा करते हैं, और आसपास की लगभग 10 लाख की जनसंख्या इसी स्टेशन पर निर्भर है। डबरा के पास बीएसएफ अकादमी टेकनपुर, क्रषि मंडी, और व्यापारिक गतिविधियों के चलते ट्रेनों का ठहराव जरूरी है।

इस मौके पर सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने संस्था को आश्वासन दिया कि उनकी मांग पूरी तरह वाजिब और जनहित में है। उन्होंने कहा जल्द ही डबरा के लिए गोंडवाना एक्सप्रेस का ठहराव दिलाया जाएगा, और अन्य ट्रेनों के लिए भी रेलवे मंत्रालय से बात की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में रमेश रोहिरा, महेश हवलानी, संजय जीवतानी, घनश्याम हवलानी, राजेश रोहिरा, महेश हवलानी, चंदर सुखानी, , कमल कटारिया, टहलराम मंगतानी सहित संस्था के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास के लिए राशि में कोई कमी नहीं :-विधायक राजे



घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)

डबरा। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जितनी भी ग्राम पंचायतें हैं किसी न किसी ग्राम पंचायत में कोई ना कोई गंभीर समस्या आज भी होती है लेकिन जब ग्रामीण हमें बताते हैं हम उसे मामले को बहुत ही गंभीरता से लेते हैं और पहला प्रयास होता है कि जल्दी से जल्दी उसे समस्या का समाधान हो और लोगों की परेशानी दूर हूं यही मेरा प्रथम प्रयास रहता है यह बात ग्राम पंचायत शरणागत में 6 लाख की राशि से सीसी सड़क के लोकार्पण के वक्त उपस्थित ग्रामीणों के बीच विधायक सुरेश राजे ने कही।

विधायक श्री राजे ने कहा आज मैं जो कुछ भी हूं वह सब आप लोगों की देन है आपकी समस्या का समाधान करने के लिए आपका प्रतिनिधि बनकर प्रदेश की विधानसभा में आपकी बात को रखना मेरा कर्तव्य है और इस कर्तव्य को हमेशा निभाऊंगा इस मौके पर सरपंच इंद्र कुमार पुजारी गुरमेघ सिंह, श्री सुच्चा सिंह, रणजीत सिंह, हीरा सिंह, प्रकट सिंहउपस्थित रहे।

# लोकेंद्र समरपाल और कांता ने रंजीत के साथ की मारपीट...

घनश्याम बाबा (राजधानी मीडिया)

डबरा। सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरियादी रंजीत मोगिया पुत्र क्रान्ता मोगिया उम्र 23 साल निवासी सुगर मील ने पुलिस को दी शिकायत में लोकेन्द्र मोगिया, समरपाल मोगिया, कांता मोगिया निवासी गण सुगर मील पर आरोप लगाया है के आरोपियों ने अश्लील गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं 115(2) 296 351(2) 3(5) वीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी समरपाल मोगिया पुत्र कान्ती लाल उम्र 21 साल निवासी सुगर मील ने पुलिस को दी शिकायत में रंजित मोगिया, क्रांता मोगिया, पेपसिया मोगिया निवासी गण सुगर मील पर मारपीट करने अश्लील गालियां देने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं115(2) 296 351(2) 3(5) वीएनएस के तहत मामले दर्ज कर लिया है।

## धर्मेंद्र और गुड्डन सोनी ने आदित्य कौल के साथ की मारपीट....

सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आदित्य कौल पुत्र स्व. श्री रवि कुमार कौल उम्र 28 साल निवासी रुकमणी मार्केट के पीछे गोमती पुरा ने पुलिस को दी शिकायत में धर्मेंद्र सोनी गुड्डन सोनी पर आरोप लगाया है कि आरोपियों ने अश्लील गालियां दी, जान से मारने की धमकी दी मारपीट कर कीमती मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2) 296 351(2) 324(2) 3(5) वीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## उदयवीर ने मोहित के साथ की मारपीट.....

बिजौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरियादी मोहित पुत्र करतार सिह जाति गुर्जर उम्र 21 साल निवासी बलवन्त सिह का पुरा पारसेन ने पुलिस को दी शिकायत में उदयवीर सिंह गुर्जर पर मारपीट करने अश्लील गालियां देने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उदयवीर के खिलाफ विभिन्न धाराओं 296.115(2).351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।





# रक्तदान हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व है- सीईओ गुर्जर

## रेडक्रॉस एवं भारत विकास का रक्तदान शिविर संपन्न, 62 यूनिट रक्त का संग्रहण, भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया

श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में रक्तदान जागरूकता अभियान के क्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी श्योपुर और भारत विकास परिषद द्वारा विजय विलास रिसोर्ट पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिको का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा भी रक्तदान किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गुर्जर ने थैलेसीमिया पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजित रक्तदान शिविर एवं भूतपूर्व सैनिको के सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान की इतनी तरक्की के बाद भी खून का कोई विकल्प नहीं बन पाया है इसकी पूर्ति मानव शरीर में निर्मित रक्त से ही संभव है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से पीड़ित व्यक्ति को जीवनदान तो मिलता ही है उसके पूरे परिवार को भी खुशी की अनुभूति होती है रक्तदान हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व है हम सबको नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

उन्होंने रक्तदान शिविरों की आयोजक संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा की इस तरह के शिविरों से आम जन में रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों का निवारण होता है और स्वैच्छिक रक्तदान की प्रेरणा जाग्रत होती है। उन्होंने कहा कि इस गरिमामय समारोह में आकर मैं स्वयं बहुत अभिभूत हूं और आज स्वयं भी रक्तदान कर रहा हूं। जिला पंचायत के सीईओ ने कहा कि रक्तदान जागरूकता अभियान को ग्रामीण और पंचायत स्तर पर पहुंचाने में जिला पंचायत हर संभव मदद के लिए आपके साथ है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव तथा जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों का निवारण करते हुए कहा कि रक्तदान से किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती है बल्कि नए खून का तेजी से निर्माण होता है रक्तदान में केवल पांच या सात मिनट का समय लगता है। रक्तदान के बाद दानदाता अपने रुटीन के सब काम कर सकता है। डॉ गोयल ने रक्तदान जागरूकता अभियान से जुड़ी संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि इन



लगने वाले शिविरों से प्राप्त रक्त ब्लड बैंक की व्यवस्था में बहुत सहायक होता है।

रक्तदान जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए रक्तदान जागरूकता अभियान के संयोजक एवं पुष्पा फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण ओसवाल ने बताया कि स्वर्गीय मुकेश गुप्ता की स्मृति में पुष्पा फाउंडेशन एवं स्व मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास द्वारा सन 2005 से प्रारंभ किए गए रक्तदान जागरूकता अभियान से जुड़ी 140 से अधिक संस्थाओं के सहयोग से गत वर्ष ब्लड बैंक से 5000 यूनिट रक्त की आपूर्ति संभव हो सकी है। श्री ओसवाल ने बताया श्योपुर जिले में 70 मरीज थैलेसीमिया पीड़ित है जिन्हें कुछ को महीने में दो बार कुछ को एक बार नियमित रूप से रक्त चढ़ाया जाता है थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए ही प्रति माह सो से सवा सौ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है जिसे आप जैसे स्वैच्छिक रक्तदान दाताओं के सहयोग से पूरा किया जाता है, रक्तदान जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण होकर शिविरों के आयोजन हो रहे हैं। श्री ओसवाल ने कहा कि प्रथम रक्तदान शिविर से अब तक जुड़े सभी रक्तदानियों एवं सहयोगी संस्थाओं के आत्मीय सहयोग से ही 21 वर्ष पूर्व की गई एक छोटी सी पहल आज आंदोलन का स्वरूप ले रही है।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय अधिकारी सुरेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, महावीर गुप्ता, अरूण ओसवाल मंचासीन रहें। इसके साथ ही भारत स्काउट एवं गाइड के संरक्षक चोथमल सर्राफ, भारत स्काउट एवं गाइड के सचिव रोशन लाल गर्ग, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सेना, पार्षद राजेन्द्र मित्तल, मनोज सर्राफ, भूरे सिंह कुशवाह, राजकुमार शर्मा, नकुल जैन, मोहन दत्त शर्मा, राजबहादुर सिंह मारू, सखावत गोरी सहित सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश खण्डेलवाल द्वारा किया गया, मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गायन के साथ हुआ तथा समापन राष्ट्रगान के साथ सपंन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री गुर्जर को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।

### भूतपूर्व सैनिको का सम्मान

थैलेसीमिया पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजित रक्तदान शिविर एवं भूतपूर्व सैनिको के सम्मान समारोह के दौरान भूतपूर्व सैनिकों कैप्टीन राजेश सिंह, सूबेदार महेन्द्र सिंह, नायब सूबेदार रामनाथ आर्य, हवलदार तैय्यब अली, नायक मांगीलाल शर्मा, हवलदार जगदीश शर्मा, सिपाही कादर अली, हवलदार रामकरण शर्मा एवं मांगीलाल फौजी को शाल एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को दी जानकारी

श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गठित टीमों द्वारा किसानों को गांव-गांव जाकर खेती, किसानी की उन्नत तकनीको एवं नवाचारों से अवगत कराया जा रहा है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह ने बताया कि इसी क्रम में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र बड़ौदा के वैज्ञानिको सहित कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषको, एफपीओ के प्रतिनिधियों की टीम द्वारा विकासखण्ड श्योपुर के ग्राम माखनखेडली, दलारनाकलां एवं बडौदाराम में पहुंचकर 348 किसानों के मध्य मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही किसान हितेषी योजनाओं एवं कृषि की



उन्नत तकनीकी को विस्तार से समझाया गया।

विकासखण्ड कराहल के दल द्वारा ग्राम कालीतलाई कलमी एवं ककरधा में पहुंचकर 114 किसानों को जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार विकासखण्ड विजयपुर के दल द्वारा ग्राम अगरा, पैरा पालपुर एवं शाहपुरा ग्रामों के मध्य पहुंचकर 177 किसानों को योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया और खरीफ फसल की विभिन्न किस्मो सहित फसलो के विविधिकरण एवं रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही किसानों को मिट्टी परीक्षण एवं उसके महत्व, नरवाई न जलानें एवं उससे होने वाले नुकसान को विस्तार से समझाया गया, वही फसलों की उन्नत तकनीकी के माध्यम से ज्वार, बाजरा, मक्का, तिल जैसी फसलों के उत्पादन की सलाह दी गई।

### सोमवार को इन ग्रामों में पहुंचेगी टीमें

श्योपुर विकासखण्ड की टीम द्वारा 02 जून को ग्राम जावदेश्वर, जैनी एवं मानपुर में भ्रमण कर जानकारी प्रदान की जायेगी। विकासखण्ड कराहल की टीम 02 जून को गोरस, पिपरानी एवं करांई का भ्रमण करेंगी। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की टीम इकलौद, लाडपुरा एवं लोहसगानी में किसानों को खेती की नवीन तकनीकी तथा उन्नत फसलों के संबंध में अवगत करायेगी।

# पुरानी रंजिश पर गाली-गलौच मारपीट

श्योपुर

थाना ढोढर - मारपीट फरि. अमन पुत्र निरपाल माली उम्र 24 साल नि. हांसिलपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 31.05.25 के 19.30 बजे स्थान पारम नदी घाट हांसिलपुर आरोपी राजेश माली नि. सदर ने फरि को पुरानी रंजिश पर से गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 31.05.25 के 21.16 बजे अप. क्र. 45/25 धारा 296,115(2),351(3) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### पुलिस ने सटोरिया पकड़ा

थाना बडौदा - सटोरिया पकडा - आरोपी बादल पुत्र मोतीलाल बैरवा उम्र 28 साल नि. ग्राम बादली को दि. 31.05.25 के 18.30 बजे स्थान हलगांवडा नदी पुलिया के पास आरोपी सट्टा पर्ची का काम करता पाया गया कब्जे से 150/- रु. एक पर्ची एवं एक पेन जप्त की । दि. 31.05.25 के 18.45 बजे अप. क्र. 154/25 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट कायम कर लिया हैं।

### मोबाईल पर फोन लगाने की बात पर मारपीट

थाना बडौदा गाली गलौच फरि. सुनील पुत्र प्रकाश नागर उम्र 44 साल नि. गलमानिया ने रिपोर्ट की कि दि. 31.05.25 के 19.30 बजे स्थान फरि. के घर के पास आरोपी शिवन योगी नि. सदर ने फरि. मोबाईल पर फोन लगाने की बात पर से फरि. को गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी । अप. क्र. 155/25 धारा 296,351(2) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### मोबाईल से फोन लगाने की बात पर गाली-गलौच

थाना बडौदा - मारपीट फरि. अवधेश पुत्र कैलाश योगी उम्र 42 साल नि. गलमानिया ने रिपोर्ट की कि आरोपी के घर के बाहर आरोपीगण 1. सुनील नागर 2. मयंक नागर नि.गण सदर ने फरि को मोबाईल से फोन लगाने की बात पर से गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । अप. क्र. 156/25 धारा 296,115 (2),351 (2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### अवैध शराब पकड़ी

थाना बडौदा - अवैध शराब पकड़ी उम्र 25 साल नि. बमोरीजाट को बमोरी जाट का खुर्द कब्जे से 21 क्वा. देशी मदिरा कीमती 2100/- रु. की जप्त की अप. क्र. 157/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया हैं।

### 18 क्वाटर अवैध शराब जप्त

थाना देहात - अवैध शराब पकडी- आरोपी लाडू पुत्र भवरलाल आदिवासी उम्र 50 साल नि. कमालखेडली को दि. 31.05.25 के 19.05 बजे स्थान पंजाबी आवादी स्कूल के पास कब्जे से 18 क्वा. देशी मदिरा कीमती 1800/- रु. की जप्त की । दि. 31.05.25 के 20.24 बजे अप. क्र. 152/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर लिया हैं।

### कहासुनी की बात पर दो ने एक पीटा

थाना अगरा मारपीट फरि. प्रताप पुत्र तुलसीराम आदिवासी उम्र 25 साल नि. नयागंव ने रिपोर्ट की कि दि. 31.05.25 के 17.30 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर आरोपीगण 1. सहीराम पुत्र पप्पू आदिवासी 2 माखन पुत्र पप्पू आदिवासी नि.गण सदर ने फरि. को कहासुनी बात पर से मारपीट कर गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी । दि. 31.05.25 के 19.53 बजे अप. क्र. 20/25 धारा 296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### मोटर सायकल की टक्कर एक घायल

थाना सड़क दुर्घटना - फरि. धरमराज पुत्र किशनलाल गुर्जर उम्र 35 साल नि. कलौनी ने रिपोर्ट की कि विष्णु पविद की चक्की के पास रतोदन रोड़ बड़ौदा पर आरोपी अज्ञात मो.सा. का चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. के भतीजे मनीष गुर्जर की मो.सा. में टक्कर मार दी जिससे फरि. के भतीजे व दोस्त विकास मीणा, भुवनेश मीणा को चोटे आई अप. क्र. 158/25 धारा 281,125ए बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### काम करने की बात को लेकर मारपीट

थाना बड़ौदा - मारपीट - फरि. ममता पत्नि सोनू उर्फ चन्द्रप्रकाश नागर उम्र 30 साल नि. चन्द्रपुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 18.05.25 के 07.00 बजे स्थान फरि. का घर ग्राम चन्द्रपुरा पर आरोपी सोनू उर्फ चन्द्रप्रकाश नागर नि. सदर ने फरि. की घर का काम करने की बात को लेकर फरि. की मारपीट की गंदी - गंदी गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। दि. 01.06.25 के 15.58 बजे अप. क्र. 159/25 धारा 296,115(2),351(2) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### पुरानी रंजिश पर चार ने एक को पीटा

थाना कोतवाली - मारपीट - फरि. दिलदार पुत्र नथे खान उम्र 42 साल नि. नागदा रोड़ श्यो. ने रिपोर्ट की दि. 01.06.25 के 08.30 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर नागदा रोड़ श्यो. पर आरोपीगण 1. आजाद 2. अजरूद्दीन 3. समीर 4. आमीन जातिगण खान नि. गण. सदर फरि. व फरि. के लड़के को पुरानी रंजिश पर से गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। अप. क्र. 128/25 धारा 115(2),296,351(2),3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### शराब पीने की मना करने की बात पर मारपीट

थाना - कोतवाली मारपीट - फरि. जावेद पुत्र मकसुद खान उम्र 28 साल नि. वार्ड क्र. 04 साल मेवाती मोहल्ला श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 01.06.25 के 13.45 बजे स्थान फरि. के घर के पीछे मेंवाती मोहल्ला श्यो. पर आरोपी रवि बोपारा नि. हरिजन बस्ती श्यो. से शराब पीने की मना करने की बात पर से आरोपी ने फरि को गंदी-गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। अप. क्र. 129/25 धारा 115(2),296,351(2) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

# कन्या परिसर में रिक्त सीटो के लिए प्रवेश परीक्षा 10 जून को

श्योपुर। जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय संस्था कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा श्योपुर में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वी में राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मिलेगा, जबकि कक्षा 7 से कक्षा 12 तक की कक्षाओं में रिक्त सीटो के लिए ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा 10 जून को आयोजित की जायेगी प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर सुश्री कामिनी पाठक ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 6 में रिक्त 70 सीटो के लिए प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संपन्न होगी, जबकि विद्यालय की कक्षा 7 से कक्षा 12 तक की रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए विद्यालय द्वारा 10 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि कक्षा 7 एवं 8 में 5-5, कक्षा 9 में 45, कक्षा 10 में 42, कक्षा 11 में 62 तथा कक्षा 12 में 54 सीटे रिक्त है। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के शिक्षक संजय बालोठिया मो.न. 9977205630, कौशल शर्मा मो.न. 7089209620, प्रभाष कुमार जैन मो.न. 9752168916 एवं रविकांत 7987464972 से संपर्क किया जा सकता है।

# आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 14 जून तक

श्योपुर। जनजातीय कार्य विभाग अतंर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय संस्था शासकीय आदर्श आवासीय विद्यालय ढेगदा श्योपुर में सत्र 2025-26 हेतु अनुसूचित जनजाति छात्रो के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए 14 जून तक आवेदन आमंत्रित किये गये है।

प्राचार्य विद्यालय ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश प्रक्रिया राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संपन्न होगी, जबकि कक्षा 7 की रिक्त 15, कक्षा 8 की रिक्त 06, कक्षा 9 की रिक्त 07 तथा कक्षा 11 की रिक्त 22 सीटो पर प्रवेश की प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर ऑफलाइन परीक्षा के माध्यम से की जायेगी। इन कक्षाओं के प्रवेश के लिए जनजातीय वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी 14 जून तक विद्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# जमी पर घर बनाया है, मगर जन्नत में रहते है, हमारी खुशनसीबी है कि हम भारत में रहते है



## मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन संपन्न





श्योपुर

नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में संचालित मेला श्री हजारेश्वर महादेव के दौरान बीती रात मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। सुबह तडके तक प्रसिद्ध शायरों की गजलो, नज्मो ने श्रोताओं को बांधे रखा। मुशायरा सुनने के लिए बडी संख्या में लोग पहुंचे थे।

मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे का शुभारंभ मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रफत वारसी ने मुख्य आतिथ्य के रूप में दीप प्रज्ज्वलन कर किया, इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चैहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, मेला समिति अध्यक्ष श्रीमती नाथी बाई, सुजीत गर्ग आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

मुम्बई से आये मशहूर शायर मेहशर आफरीदी ने अपने इस कलाम पर खूब दाद हासिल की, उन्होने कहा कि जमी पर घर बनाया है, मगर जन्नत में रहते है। हमारी खुशनसीबी है कि हम भारत में रहते है।

अखिल भारतीय मुशायरे के दौरान प्रसिद्ध शायर मीसम गोपालपुरी ने देशभक्ति की अलख जगाते हुए कहा कि गुलशने हिंद को सींचा है लहू से हमने, बीज नफरत के किसी को नही बोने देंगे। जिस्म के कितने ही हो जायें टुकडे हम कभी मुल्क के टुकडे नही होने देंगे।

संचालन कर रहे मशहूर शायर अबरार काशिफ ने कहा कि मेरा अरमा मेरी ख्वाहिश नही है, ये दुनिया मेरी फरमाइश नही है। मैं तेरे ख्वाब वापस कर रहा हूॅ, मेरी आंखो में गुंजाइश नही है।

मशहूर शायरा मुमताज नसीम का अंदाजे बयां कुछ इस तरह रहा, कई साल बाद मिले हो तुम कहा खो गये थे जवाब दों। मेरे आसूओं को न पोंछो, तुम मेरे आसूओं का हिसाब दों।

निकहत अमरोही ने अपना कलाम प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुरझाये कोई फूल तो गुलदान रो पडें, एक शख्स मारा जाये तो संतान रो पडे। ऐसी फजा बनाओ मेरे देशवासियों, हिन्दु का घर जले तो मुसलमान रो पडें।

खुर्शीद हैदर ने कहा कि गैर परो पर उड सकते है हद से हद दीवारों तक। अंबर पर तो वही उडेंगे, जिनके अपने पर होंगे।

सज्जाद झंझट ने कहा कि मेरी इस दूसरी बीबी प मुझको हिदायत एक रिश्तेदार की है। परेशॉ क्यो हो मत घबराओ झंझट, शरीयत में इजाजत चार की है।

## संपादकीय–अध्याय 1

# पुनर्जन्म

शरीर के साथ ही आत्मा का अन्त नहीं हो जाता। वह शरीर का परित्याग करके या तो दूसरा जन्म ग्रहण करती है या कुछ समय तक प्रेतयोनि में रहती हैए और यदि उसके उच्चकोटि के शुभकर्म एवं सात्विक भावना हो तो यह मोक्ष प्राप्त कर लेती है। किन्तु अधिकांश स्थितियों में वह जन्म ग्रहण करती है।

इस विषय में महर्षि अरविन्द का कथन है कि मृत्यु के समय आत्मा मस्तिष्क से होकर शरीर से बाहर निकलती है। वह सूक्ष्म शरीर में बाहर निकलती है तथा अल्पकाल के लिए अस्तित्व के कई स्तरों ;लोकोंद्ध में आती.जाती हैण् जब तक कि वह कुछ अनुभूतियों से होकर न गुजरले जो उसके पृथ्वी पर के जीवन का परिणाम होती हैं। बाद में वह अंतरआत्मा के लोक में पहुंचती हैए जहां वह उस समय तक एक प्रकार की नीद में विश्राम करती है जब तक कि उसके लिए पृथ्वी पर एक नया जीवन आरम्भ करने का समय नहीं आता । सामान्यत: ऐसा ही होता है किन्तु कुछ आत्माओं ने अधिक प्रगति की होती है और वे इस क्रम का अनुसरण नहीं करती ।

अन्तरात्मा सीधे अन्तरात्मा के लोक में भी जा सकती हैए किन्तु यह शरीर छोड़ने के समय की उसकी चेतना पर निर्भर करता है। यदि उस समय चैत्य पुरुष सामने हो तो तत्काल संक्रमण बिल्कुल संभव है। यह मानसिकए प्राणिक तथा अन्त.रात्मिक अमरत्व की प्राप्ति पर निर्भर नहीं करता। जिन्हें इनकी प्राप्ति हो गई हैए उन्हें तो मानो नाना लोकों में विचरने की तथा बिना बन्धन में बंधे भौतिक जगत पर क्रिया करने की शक्ति होगी। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इन वस्तुओं के विषय में कोई रूढ़ नियम नहीं है। चेतना में उसकी आशाओंए प्रवृतियों तथा रूपाकृतियों के अनुसार बहुत.सी विविधताएं सम्भव हैंए यद्यपि एक व्यापक चौखटा या खाका ऐसा है जिसके भीतर ये सभी आ जाते हैं और अपना स्थान ग्रहण करते हैं। पुनर्जन्म को प्राय: सभी भारतीय दार्शनिकों ने मान्यता प्रदान की है।

कठोपनिषद् में कहा गया है.

योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाम देहिन: । स्थासुमन्येऽनुसंयन्तिए यथाकर्म यथाश्रुतम् ।।

अर्थात् अपने कर्म तथा ज्ञान के अनुसार कितने ही देहधारी तो शरीर धारण करने के लिए योनि को प्राप्त होते हैं और कितने ही स्थावर भाव को प्राप्त हो जाते हैं।

जो विदेशी वैज्ञानिक पुनर्जन्म के सिद्धान्त को स्वीकार नहीं करते उनकी तीव्र आलोचना करते हुए प्रो0 हक्सले ने कहा हैए केवल बिना सोचे समझे निर्णय लेने वाले विचारक ही पुनर्जन्म के सिद्धान्त को मूर्खता की बात कह कर उसका विरोध करते हैं। विकासवाद के सिद्धान्त की भांति देहांतर का सिद्धान्त भी वास्तविक है ।

यह तो रही सिद्धान्त की बातए परन्तु दैनिक जीवन में भी ऐसे असंख्य उदाहरण मिले हैं जो पुनर्जन्म की बात को प्रमाणित करते हैं। ऐसे उदाहरण उन व्यक्तियों के हैं जिन्होंने पुनर्जन्म की घटना को सिद्ध ही नहीं किया अपितु पुनर्जन्म की स्मृतियों को प्रस्तुत करके बड़े.बड़े वैज्ञानिकों को चकित कर दिया है।

सन् 1955 की बात है। चांदगरी गांव में मुकेश नामक एक लड़के को उसकी मां स्नान करा रही थी। बच्चे के हट से खीज कर उसकी मां ने उसके एक चपत मार दिया। बच्चे ने प्रतिवाद करते हुए कहाए अगर तुम मुझे मारोगी तो मैं अपने गांव इतरानी वापस चला जाऊंगा। जब मां ने चकित होकर पूछा तो उसने बताया कि मैं उस गांव का रहने वाला भजनसिंह हूं। मेरी पत्नी हैए तीन भाई हैंए मां है और लड़की है। मेरा घर हैए कुआ हैए बगीचा है और खेत हैं।

अपने चार साल के लड़के की अनर्गल बातें सुन कर उसकी मां भगवती देवी आग बबूला हो गई और लड़के की खूब पिटाई की। परन्तु जैसे.जैसे वह बड़ा होता गयाए अपने सहपाठियों को इन बातों से अवगत कराता गया। एक दिन उसने अपने दादा ठाकुर नेत्रपाल सिंह को भी यह कहानी सुनाई। उसे कुछ कौतूहल हुआ और इतरानी के एक व्यक्ति से पूछा कि क्या तुम्हारे यहां कोई भजनसिंह नाम का आदमी था घ् उस व्यक्ति ने स्वीकार किया कि इस नाम का एक आदमी था तो सही।

यह सुनकर ठाकुर नेत्रपाल सिंह एक दिन इतरानी जा पहुंचा। वहां उसे मालूम हुआ कि इस नाम का एक व्यक्ति था। सन् 1951 में वह अपने पीछे अपनी पुत्री और पत्नी को छोड़कर इस संसार से चल बसा ।

# भारत के लिए युद्ध हमेशा अंतिम विकल्प है

भारतीय सनातन सभ्यता में ऐसे कई प्रसंग एक जैसे दर्ज हैं, जिन्हें देखकर और पढ़कर ऐसा प्रतीत होता रहा है मानो इतिहास स्वयं को दोहरा रहा हो। अनेक कालखंडों में, दशकों में, सदियों में और युगों में, हमने कई घटनाएं ऐसी पढ़ी हैं, जिनके अध्ययन उपरांत ऐसा लगता है जैसे आज जो हमारे रूबरू है उसे पहले भी कहीं और पहले भी देखा जा चुका है। उदाहरण के लिए हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थाई रूप से व्याप्त बने हुए तनाव को ले सकते हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान जो कुछ भी कर रहा है और भारत की ओर से जिस प्रकार से संयम, धैर्य का प्रदर्शन किया जा रहा है, यह हमें द्वापर युगीन कौरवों की अति और भगवान कृष्ण की सहृदयता का स्मरण कराता हैं।




जब कौरवों के षडयंत्रों को पूरी तरह विफल करते हुए पांडव अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। तब उनके नेतृत्वकर्ता के रूप में भगवान कृष्ण ने यह निर्णय लिया कि हमें अंत तक युद्ध के अलावा उपलब्ध सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ऐसा ही हुआ, भगवान कृष्ण ने शांति दूत के रूप में हस्तिनापुर गमन किया और वहां उपस्थित दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र सहित समस्त कुरुवंशियों को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का सहज समाधान नहीं हो सकता। इससे राज सत्ता पर अधिपत्य जमाए रखने की आकांक्षा पाले बैठे लोगों की तुष्टि भले ही होती हो, लेकिन अनिष्ट प्रजा का ही होता है। दोनों ही पक्ष की सेनाओं के हजारों लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उनसे अधिक लोग सदा के लिए अपंग हो जाते हैं। फल स्वरुप मानव समाज को युगों युगों तक उस अपराध का असहनीय दंड भुगतना होता है, दरअसल जो उन्होंने किया ही नहीं होता। अतः टकराव का रास्ता छोड़ते हुए कुरु वंश को पांडवों का सम्मान बनाए रखना चाहिए। भगवान कृष्ण ने राजसभा में मौजूद प्रजा के गणमान्य प्रतिनिधियों और कुरु वंश के सामर्थ्यवान पदाधिकारियों को भी यह सीख दी कि वे दुर्योधन और धृतराष्ट्र की अपवित्र महत्वाकांक्षाओं को समझें और उन्हें पाप पूर्ण कृत्य करने से रोकें। ताकि युद्ध के रूप में आसन्न अनिष्ट एवं अनर्थ को रोका जा सके। सभी सामर्थ्यवान प्रबुद्ध जन चुपचाप बने रहे। वहीं काल के वशीभूत, अपने अनर्थ से अपरिचित दुर्योधन ने जब उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया और भगवान कृष्ण को ग्वाला, गायों को चराने वाला, आदि शब्दों से असम्मानित करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दे डाला, तब यह तय हो गया कि अब कुरुवंशियों को काल के गाल में समाने से कोई नहीं रोक सकता। समूचा ब्रह्मांड जानता है कि केवल और केवल दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र की हठ धर्मिता के चलते महाभारत का युद्ध हुआ और उसमें लाखों लोग अकारण ही काल के गाल में समा गए। अंततः जीत सत्य स्वरूप श्री कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडवों की ही हुई। वर्तमान परिवेश में देखें तो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति कुरु वंश और पांडवों जैसी ही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बार-बार पाकिस्तान और वहां के हुक्मरानों को चेतावनी दे रहे हैं कि अंततः युद्ध विनाश का कारण होता है। जबकि वहां के हुक्मरान और सेना प्रमुख हमारे प्रधानमंत्री के वक्तव्यों की ठीक उसी प्रकार अनदेखी कर रहे हैं, जैसे हस्तिनापुर की राजसभा में दुर्योधन ने भगवान कृष्ण के प्रति असम्मानजनक व्यवहार का प्रदर्शन किया था। श्री मोदी जानते हैं कि पाकिस्तानी राजनेता और वहां की सेना भारत विरोधी एजेंडे को ही लंबे समय तक सत्ता पर काबिज बने रहने का जरिया मान कर बैठे हुए हैं। यही कारण है कि उन्होंने पाकिस्तानी अवाम का भला चाहते हुए उसे भी आगाह किया है कि वह अपना भला बुरा समझे और दुनिया भर में आतंकवाद को निर्यात करने वाले वहां के नेताओं, हुक्मरानों तथा सेना की नापाक हरकतों को पहचानें, समय रहते उन्हें वास्तविकता का एहसास कराते हुए उन्हें भारत में आतंकवाद निर्यात करने के गलत रास्ते पर जाने से रोकें । यदि पाकिस्तानी अवाम के ईमानदार प्रयास हुए तो संभव है वह आने वाले समय में भारतीय सदाव्यता के चलते भुखमरी, कंगाली और निकट भविष्य में सन्निद्ध गृह युद्ध जैसी विभीषिका से स्वयं को बचा सकेगा। अब निर्णय पाकिस्तान को करना है कि उसे अपनी अवाम का पेट भरने के लिए रोटी की उपलब्धता उचित लगती है या फिर भारतीय सेना की गोलियों से मरना ज्यादा अच्छा लगता है। यहां कुछ-कुछ प्रसंग सीख के रूप में हम रामायण युगीन घटनाओं से भी ग्रहण कर सकते हैं। उस कालखंड में भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने उस स्थिति में भी लंका वासियों का भला करने का और उन्हें अनिष्ट से बचाए रखने का हर संभव प्रयास किया था, जबकि वहां का राजा रावण उनकी धर्मपत्नी सीता जी का अपहरण करने का पाप कर चुका था। भगवान कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडव और प्रभु श्री राम की कृपा में तैनात वानर दल किसी भी दृष्टि से पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न शत्रु पक्ष का अनिष्ट करने में कमजोर नहीं थे। संकल्प मात्र से ही दुष्टों को नाश करने का सामर्थ्य उन्हें सहज ही प्राप्त था। लेकिन प्रभु श्री राम ने भी पहले हनुमान जी को लंका भेजा, जिन्होंने लंका जलाने से पहले रावण को बार-बार समझाया कि वह युद्ध को हर हाल में टालने का हर संभव प्रयास करे। इसी में राक्षस जाति की भलाई है। जब समुद्र पर सेतु बन गया। युद्ध को आतुर वानर सेना लंका के समक्ष हुंकार भरने लगी। तब प्रभु श्री राम ने एक बार फिर लंका को विनाश से बचाने का रास्ता खोजा और अंगद को शांतिदुत के रूप में प्रेषित किया। जैसा कि हमारे धर्म ग्रंथ बताते हैं, रावण के सिर पर भी काल मंडरा रहा था। सो उसे सामने खड़ा सत्य भी समझ नहीं आ रहा था, या फिर यू कहा जाए कि वह समझना ही नहीं चाहता था। बात त्रेता युग की हो या फिर द्वापर की, पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न पक्ष ने सत्य के मार्ग पर अडिग, धर्म परायण, सामर्थ्यवान, सज्जनों की सहृदयता को कमजोरी ही समझा और स्वतः ही मृत्यु के भोज्य बन बैठे। हाल ही में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गुजरात के प्रवास पर गए तब उन्होंने भुज की पवित्र भूमि से भारत और पड़ोसी देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के ऐसे प्रयास हैं, जिनके माध्यम से हमने आतंकवादियों का तो नाश किया, उनके प्रशिक्षण कैंपों को भी ध्वस्त किया। सामरिक महत्व के जिन एयर बेसों को देखकर पाकिस्तानी हुक्मरान और वहां की सेना फूली नहीं समा रही थी, उन्हें तहस नहश किया। लेकिन पाकिस्तानी अवाम के एक भी व्यक्ति को खरोच तक नहीं आने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे अचूक प्रहार और भारतीय आयुधों की पहुंच यह स्पष्ट करती है कि पाकिस्तान का कोई भी भूभाग भारतीय सेना के लक्ष्य से कतई दूर नहीं है। आशय स्पष्ट है, हमारा विरोध आतंकवाद से और आतंकवाद को पोषित करने वाली पाकिस्तानी सेना तथा वहां के हुक्मरानों से है।

# चीन के नेतृत्व में इंटरनेशनल ऑगेर्नाइजेशन फॉर मेडिएशन

चीन वैश्विक राजनीति में बड़ी ताकत के साथ तेजी कदम बढ़ा रहा है। चीन अब सिर्फ एक आर्थिक शक्ति नहीं, वरन वैकल्पिक वैश्विक व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बनता जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण है, चीन के नेतृत्व इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर मेडिएशन की स्थापना की गई है। चीन के नेतृत्व में हांगकांग में शुरू यह नया बहुपक्षीय मंच है। इस संगठन का उद्देश्य वैश्विक अथवा दो देशों के बीच के विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाना इसका मुख्य उद्देश्य है, इसके राजनीतिक आर्थिक निहितार्थ को लेकर गंभीर और दूरगामी परिणाम होना तय है। संयुक्त राष्ट्र जैसे स्थापित वैश्विक संस्थानों की निष्क्रियता, पक्षपात और राजनीतिक दवाब को देखते हुए चीन ने एक समानांतर वैश्विक संस्था खड़ा करने की कोशिश की है। यह संस्था ऐसे समय में सामने आई है। जब रुस एवं यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध, इजरायल-गाजा का संकट, ताइवान तनाव और दक्षिण चीन सागर विवाद जैसे मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सवालों के घेरे में है।



सारी दुनिया आर्थिक मंदी के मुहाने पर खड़ी है। विश्व के अधिकांश देश कर्ज एवं महंगाई से जूझ रहे है। सारी दुनिया तकनीकि के विकास को लेकर जिस तेजी से बदल रही है। ऐसे समय पर चीन का वैश्विक स्तर पर ताकतवर होना भारत के लिये बड़ी चुनौती है। अमेरिका और रूस इस समय सबसे कमजोर है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान क्रियाकलाप से दुनिया के देशों में उसकी विश्वसनीयता और कार्य प्रणाली को लेकर अविश्वास पैदा हुआ है। ऐसे समय में चीन ने हांगकांग को मध्यस्थता का केंद्र बिन्दु बनाकर वैश्विक नेतृत्व की दुनिया के देशों के बीच नई दावेदारी पेश कर दी है। इस संगठन में 85 देशों की भागीदारी है। 33 देशों की फाउंडर सदस्यता है। वर्तमान संदर्भ में चीन की कूटनीतिक राजनीतिक एवं आर्थिक सफलता को दशार्ती है। इस संगठन की खास बात यह है, इनमें से कई देश वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ के) देश हैं। दुनिया भर के विकासशील या पिछड़े राष्ट्र पश्चिमी प्रभाव से मुक्त होकर नये साझेदारों की तलाश मे हैं। नया संगठन इस तलाश की पुष्टि कर रहा है। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे लोकतांत्रिक देशों को इसमें शामिल नहीं है। विकसित राष्ट्र खुद शामिल नहीं हुए हैं? विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों की अनुपस्थिति से स्पष्ट है, अब दुनिया दो धड़ों में बंटने जा रही है। दुनिया में चीन का प्रभाव बड़ी तेजी के साथ बढा है, यह भी इससे प्रमाणित होता है। चीन अब बड़ी आर्थिक एवं सामरिक शक्ति के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। हांगकांग में इस संस्था का मुख्यालय बनना भी प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। यह वही हांगकांग है, जो कभी लोकतंत्र की प्रयोगशाला था। अब चीन की राजनीतिक पकड़ और प्रभाव में है। हॉन्गकांग में न्यू वर्ल्ड ऑर्डर की नींव रखना चीन का साफ संदेश है। नई व्यवस्था लोकतंत्र के साथ-साथ वित्तीय एवं सामरिक नियंत्रण की रणनीति पर आधारित होगी। भारत के लिए यह एक बडी चेतावनी है। भारत इस तरह के संगठनो से दूरी बनाएगा, तो भारत वैश्विक विचार विमर्श, करोबार से बाहर होता चला जाएगा। चीन ने अंतरराष्ट्रीय संस्था तैयार कर इसमें 85 देशों का समर्थन हासिल करके सारी दुनिया के देशों और महा शक्तियों को चुनौती दी है। संयुक्त राष्ट्र को भी चीन ने एक तरह से चुनौती दी है। संयुक्त राष्ट्र संघ यदि कमजोर होता है ऐसी स्थिति में भारत के लिए आने वाले समय में मुश्किलें और भी बढ ?ा तय है। अब भारत को तय करना है, क्या वह पुरानी व्यवस्था के साथ जुड़ा रहकर वैश्विक संस्थाओं और स्वयं की रक्षा करेगा, या नई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए अपने आप को बदलेगा। भागीदारी, वैश्विक स्तर पर और पड़ोसी देशों के साथ भारत किस तरह से आगे बढ़ेगा यह भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। चीन भारत का पड़ोसी है।

भारत की बहुत बड़ी सीमा चीन के साथ लगी हुई है। पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार की सीमाएं भारत से जुड़ी हुई है। उपरोक्त सभी देश चीन के प्रभाव में है उपरोक्त देशों के साथ चीन के आर्थिक और सामरिक संबंध पिछले एक दशक में बड़े मजबूत हुए हैं। ऐसी स्थिति में भारत पर सबसे ज्यादा दबाव में होगा।

# महारानी अहिल्याबाई होलकर

**ण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) के नाम से प्रसिद्ध जनपद के चौंडी गांव में जन्मी थी। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष हैद्य उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं आसेतु हिमाचल सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है। समाज जीवन में सक्रिय अनेक सामाजिक संगठनों ने इस कार्य को बड़े उत्साहपूर्वक संपन्न किया है।**

पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) के नाम से प्रसिद्ध जनपद के चौंडी गांव में जन्मी थी। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष हैद्य उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं आसेतु हिमाचल सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है। समाज जीवन में सक्रिय अनेक सामाजिक संगठनों ने इस कार्य को बड़े उत्साहपूर्वक संपन्न किया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के नेतृत्व में 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय अभियान लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति को समर्पित किया है। महारानी अहिल्याबाई होलकर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की $गरीब कल्याण की योजनाओं एवं ₹विकास से विरासत₹ के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे है। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वच्छता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है। राज्यों की सरकारे एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर किया गया है।



पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि ₹हिन्दु शासन व्यवस्था अराजक थी₹ , जेम्स मिल ने लिखा था कि ₹भारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं था₹। जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे। तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराज्य की स्थापना की थी।

भारत में धर्म एक व्यापक कल्पना है द्य जो आर्थिक एवं नैतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। धर्म व्यक्तिगत जीवन में अर्थोपार्जन एवं मानवीय गुणों के विकास से लेकर मोक्ष तक का मार्ग सिखाता है। वहीं शासनकताओं के लिए आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने वाली नीतियों एवं योजनाओं तथा व्यक्तिगत जीवन में परस्पर आत्मीय व्यवहार, समाज , प्रकृति आदि के साथ अपना संबंध सिखाता है। इसी को ऋषि कणाद द्वारा वैशेषिक सूत्र में कहा गया है कि : यतो अभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः स धर्म

जो समाज में अभुदय ( भौतिक उन्नति) , निश्रेय ( आध्यात्मिक उन्नति) सिखाता है वही धर्म है।

भारत में धर्म के आधार पर चलने वाले शासन को ही आदर्श शासन माना गया है। जिसमें सभी सुखी एवं निरोगी हो। अर्थात भौतिक दृष्टि से आर्थिक समृद्ध , सभी को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली नीतियाँ, परस्पर प्रेम, भय रहित वातावरण, सभी अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन कर सकें ऐसा वातावरण ही आदर्श राज्य का उदाहरण बना। ऐसा योग्य शासन प्रभु श्री राम ने दिया, इसलिए रामराज्य सभी के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय राज्य हो गया। रामराज्य के इसी आदर्श का पालन करने का प्रयास सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज, सम्राट हर्षवर्धन जैसे अनेक राजाओं ने किया। विदेशी आक्रमणों के समय इन्हीं मूल्यों की रक्षा करने के लिए महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज सरीखे शासनकताओं ने अपने प्राण को न्योछावर कर दिया। 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई होल्कर भी इन्हीं शाश्वत मूल्यों का पालन करने वाली महारानी थी। महारानी अहिल्याबाई ने अपने ससुर की मृत्यु के पश्चात 1967 में मालवा राज्य का शासन संभाला। नर्मदा के प्रति भक्ति, व्यावसायिक एवं सामरिकता से उन्होंने अपनी राजधानी नर्मदा के तट पर महेश्वर को बनाया। 28 वर्ष उन्होंने अपनी मृत्यु पर्यन्त यह शासन सत्ता संभाली। किसानों के विकास की योजनाएं , भूमिहीन किसानों को भूमि प्रदान करना , जनजातीय विकास , अपने शासन को अपराध मुक्त करना , रोजगारपरक अर्थनीति , महिला सशक्तिकरण उसके लिए महेश्वरी साड़ी का निर्माण एवं सैनिक कल्याण उनके शासन की विशेषताएँ थीं। 500 महिलाओं की सैनिक टुकड़ी का निर्माण कर एक महिला फौज भी उन्होंने तैयार की थी। महेश्वर साड़ी आज भी उनकी महिला केंद्रित उद्योग नीति को दशार्ती है ।प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता की उपाधि प्रदान की थी। अपने राज्य की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मालवा राज्य की महारानी होने के बाद भी सांस्कृतिक उत्थान का कार्य उन्होंने आसेतु हिमाचल किया। जो उनकी अखिल भारतीय दृष्टि को प्रकट करता है। सभी धाम , सभी ज्योतिर्लिंग , समस्त शक्ति पीठ सहित असंख्य मंदिरों का निर्माण , नदियों के घाटों का निर्माण , यात्रियों के रुकने के लिए धर्मशालाओं की व्यवस्था यह उनके द्वारा होने वाले अतुलनीय कार्यों की श्रृंखला है। हिमालय में स्थित बद्रीनाथ , केदारनाथ, काशी स्थित भगवान श्री विश्वनाथ , सोमनाथ , द्वारिका, पुरी जगन्नाथ, रामेश्वरम, सभी के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका है। देश भर में उनके द्वारा कराए गए इन कार्यों की संख्या लगभग 12500 से अधिक है। इसका भी वैशिष्ट्य है कि यह कार्य उनको प्राप्त स्वयं की सम्पत्ति से कराया राजकोष से नहीं। संस्कृत पाठशाला का प्रारंभ एवं विद्वानों का सम्मान उनकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि को प्रकट करता है। शिवकामिनी अहिल्याबाई अपने शासन को शिव का शासन मानती थी। इस कारण उनकी शासन मुद्रा पर उनका नाम नहीं अपितु श्री शंकरःआज्ञे वरुण अंकित था। वह सर्वस्व त्यागी भाव से प्रजा सेवा ही प्रभु सेवा मानकर अपना शासन चलाती थीं। विदुर नीति में अच्छे राजा का वर्णन करते हुए कहा है -

चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च
चतुर्विधम्।
प्रसादयति यो लोकं तं लोको नु
प्रसीदति ।।

जो राजा नेत्र ,मन , वाणी और कर्म इन चारों से प्रजा को प्रसन्न करता है प्रजा उसी से प्रसन्न रहती है। इन्ही गुणों के कारण महारानी अहिल्याबाई होलकर को पुण्यश्लोक उपाधि से विभूषित किया गया।

महारानी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर हम सुशासन एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र बनकर विश्वकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध हों। यही लोकमाता अहिल्याबाई के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**संक्षिप्त खबरें**

### रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया से होगी सगाई

**जौनपुर (उप्र)।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवम्बर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

### पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक-एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।

### मेसी के खेल से इंटर मियामी ने क्रू को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस (अमेरिका की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में कोलंबस क्रू पर 5-1 की जीत में अहम योगदान दिया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उनके बनाए मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया।

# मुंबई इंडियंस के पंजाब किंग्स के खिलाफ छह विकेट पर 203 रन



*अहमदाबाद :* पंजाब किंग्स के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर मुकाबले के दौरान मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा।

**आईपीएल क्वालीफायर-2**

**अहमदाबाद।** सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के वर्षाबाधित दूसरे क्वालीफायर में छह विकेट पर 203 रन बनाए। करीब सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुए मुकाबले में एक भी ओवर कम नहीं किया गया। मुंबई के लिए जॉनी बेयरस्टो (38), तिलक वर्मा (44) और सूर्यकुमार (44) ने बड़े स्कोर की नींव रखी। नमन धीर ने भी 18 गेंद में 33 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।

रोहित शर्मा (आठ) पिछले मैच की तरह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। तीसरे ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजइ ने उनका कठिन कैच टपकाया। अगले ओवर में हालांकि रोहित अपना पसंदीदा पूल शॉट खेलने के प्रयास में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में विशाख विजयकुमार को कैच दे बैठे। शुरुआती झटके से अविचलित मुंबई ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा।

तिलक ने दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर से बेयरस्टो भी काफी आक्रामक खेल रहे थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में एक विकेट पर 65 रन बनाए। बेयरस्टो ने छठे ओवर में उमरजइ को कई बेहतरीन स्ट्रोक्स लगाकर 15 रन निकाले। लेकिन वह अगले ओवर में विजयकुमार की गेंद पर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच दे बैठे।

सूर्यकुमार के आते ही पंजाब ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को गेंद सौंपी लेकिन चहल अपने आखिरी ओवर में ही विकेट ले पाए। सूर्यकुमार ने 26 गेंद में 44 रन बनाए जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह चहल के आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर फ्रंटफुट पर खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर नेहाल वढेरा को कैच देकर लौटे। उन्होंने तिलक के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। दो गेंद बाद तिलक भी पैवेलियन लौट गए जिन्होंने 29 गेंद में दो छक्के और दो चौके जड़ते हुए 44 रन बनाए। वह काइल जैमीसन की गेंद पर मिड आफ में प्रियांश आर्य को कैच देकर लौटे। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने 12 गेंद में 15 रन बनाए।

**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| **मुंबई इंडियंस -** | |
| रोहित शर्मा का. विशाख बो. स्टोइनिस | 08 |
| जॉनी बेयरस्टो का. इंगलिस बो. विशाख | 38 |
| तिलक वर्मा का. आर्य बो. जैमीसन | 44 |
| सूर्यकुमार यादव का. वढेरा बो. चहल | 44 |
| हर्दिक पांड्या का. इंगलिस बो. उमरजइ | 15 |
| नमन धीर का. स्टोइनिस बो. उमरजइ | 37 |
| राज बावा (नाबाद) | 08 |
| मिशेल सेंटनेर (नाबाद) | 00 |
| **अतिरिक्त -** | **09** |
| **कुल** - (20 ओवर में छह विकेट पर) | **203** |

**विकेटपतन** - 1/19, 2/70, 3/142, 4/142, 5/180, 6/197

**गेंदबाजी** - अर्शदीप 4-0-44-0, स्टोइनिस 1-0-14-1, उमरजइ 4-0-43-2, विशाख 3-0-30-1, चहल 4-0-39-1, जैमीसन 4-0-30-1

## भारत ए की खराब गेंदबाजी, इंग्लैंड लायंस के सात विकेट पर 527 रन

**कैंटरबरी (** भारतीय टेस्ट टीम में तेज गेंदबाज हरफनमौला की एकमात्र जगह पाने की कोशिश में जुटे शार्दुल ठाकुर और नीतिश कुमार रेड्डी के निराशाजनक प्रदर्शन से इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को सात विकेट पर 527 रन बना लिए। भारत के लिए एकमात्र राहत की बात पहले सत्र में तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का प्रदर्शन रही जिन्होंने 21 ओवर में 75 रन देकर तीन विकेट लिए।

शार्दुल ने 21 ओवर में 90 रन दिए और उन्हें एक ही विकेट मिला जबकि रेड्डी ने 11 ओवर में 57 रन दे डाले और कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड लायंस के लिए टॉम हैंस ने 171 रन और डैन मूसली ने 113 रन बनाए। भारत ए ने पहली पारी में 557 रन बनाए थे। हैंस और मूसली ने 93 रन और मूसली तथा जमां अख्तर ने 108 रन की साझेदारी की। अख्तर 38 रन बनाकर खेल रहे हैं।

दूसरे सत्र में भारत ए के गेंदबाजों को एक भी विकेट नहीं मिला। इससे पहले तेज गेंदबाज मुकेश के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर ले लिए थे। मुकेश ने मैक्स होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए। अहमद ने दूसरी स्लिप में सरफराज खान को कैच दिया। इंग्लैंड लायंस ने 14 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। इससे पहले हैंस और गोल्डन ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन जोड़े थे।

## दीपक, नमन को स्वर्ण, भारत को थाईलैंड ओपन में आठ पदक

**बैंकॉक (भाषा)।** दीपक और नमन तंवर ने थाईलैंड ओपन में अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारतीय मुक्केबाजों की झोली में कुल आठ पदक इस टूर्नामेंट में गिरे। दीपक ने 75 किलोवर्ग में उज्बेकिस्तान के अब्दुरखिमोव जावोखिर को 5-0 से हराया जबकि नमन ने चीन के हान शुझेन को 90 किलो फाइनल में 4-1 से मात दी।

महिलाओं के 80 प्लस किलो वर्ग में किरण को कजाकिस्तान की येलडाना टालिपोवा ने 3-2 से हराया जिससे उन्हें रजत से ही संतोष करना पड़ा। तमन्ना (51 किलो), प्रिया (57 किलो), संजू (60 किलो), सनेह (70 किलो) और एल राल्टे (80 किलो) को कांस्य पदक मिले। भारत ने इस टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय दल भेजा था। अब इस महीने के आखिर में भारतीय मुक्केबाज कजाकितान में विश्व मुक्केबाजी कप के दूसरे चरण में भाग लेंगे। इसका फाइनल्स इस साल के आखिर में दिल्ली में होगा।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूट आउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली।** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे के लिए केवल एक ही गोल करने का मौका मिला।

## नॉर्वे शतरंज : अर्जुन एरिगैसी ने नाकामुरा को हराया, गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी




**स्टावेंजर।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आमगिडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा।

मौजूदा चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारुआना के खिलाफ आमगिडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी।

महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की, जबकि आर वैशाली ने स्पेन की खिलाड़ी सारा खादेम के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई।

## पुणे जागुआर्स ने यूटीटी में यू मुंबा टेटे को हराया

**अहमदाबाद।** पीबीजी पुणे जागुआर्स ने अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में शानदार शुरूआत करते हुए यू मुंबा टेटे को 9-6 से हराया। दिन के पहले मैच में दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के लिलियन बारडेट ने स्पेन के 39वीं रैंकिंग वाले अलवारो रोबल्स को 2-1 (11-1, 11-4, 8-11) से मात दी। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडिट जॉक्स ने मिस्र की दीपा मेशरफ को 2-1 (5-11, 11-10, 11-9) से हराया।

भारत के अनिर्बान घोष और मेशरफ ने मिलकर मिश्रित युगल में भारत के आकाश पाल और रोमानिया की जॉक्स को 2-1 (7-11, 11-7, 11-10) से परास्त किया। घोष ने पुरुष उलट एकल में आकाश को 2-1 (11-6, 10-11, 11-16) से शिकस्त दी। चार मैचों के बाद अंक बराबर होने से मुंबा की स्वस्तिका घोष और पुणे की रीत रिष्या के बीच मैच निर्णायक हो गया जिसमें रीत ने 3-0 (11-9, 11-10, 11-6) से जीत दर्ज की।

# पाओलिनी को हराकर स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस (एपी)।** एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही।

यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया। उन्होंने तीसरे सेट में दबदबा कायम करते हुए 6-1 की जीत के साथ मुकाबला अपना नाम कर लिया।

दिन के शुरुआती मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने पुरुष एकल में एलेक्सी पोपीरिन को 6-3, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। 28 साल के पॉल दिग्गज आंद्रे अगासी (2003) के बाद फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए।

इससे पहले शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को अपना दबदबा कायम करते हुए चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। इटली के इस खिलाड़ी ने 23 साल के लेहेका को एक घंटे 34 मिनट में हराकर इस सत्र में पुरुष वर्ग में सबसे तेज जीत दर्ज की। सिनर ने विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी पर जीत दर्ज करने के बाद कहा, 'हम सुधार करने की कोशिश करते हैं लेकिन इस मुकाबले में अपने प्रदर्शन को देखूं तो मुझे नहीं

**फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम टेनिस**

लगता कि मैं इससे कुछ बेहतर कर सकता था।'

सिनर ने इस मैच में 31 विनर्स लगाए और सिर्फ नौ गलतियां की। उन्होंने मुकाबला के शुरुआती 11 गेम जीतकर अपना पूरा दबदबा कायम किया। लेहेका ने जब 12वें गेम को जीतकर स्कोर को 6-0, 5-1 किया तब खुद पर कटाक्ष करते हुए हाथ ऊपर कर जश्न मनाया। फ्रेंच ओपन में अपने पहले खिताब की कोशिश में लगे सिनर के सामने सोमवार को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज आंद्रे रूबलेव की चुनौती होगी। रूबलेव के प्रतिद्वंद्वी आर्थर फिल्स ने पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' के कारण टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे।

नीदरलैंड के टैलोन ग्रिएक्सपोर ने अमेरिका के क्वालीफायर एथन क्विन को 4-6, 6-1, 6-7 6-1, 6-4 से हराया। ग्रिक्सपोर का अगला मुकाबला 2024 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वरेव से होगा। पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर को चौथे दौर में अलेक्जेंडर बुब्लिक की चुनौती से पार पाना होगा। ड्रेपर ने 18 साल के ब्राजील के जोआओ फोंसेका को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।

महिला वर्ग में रूस की मीरा आन्द्रीवा भी चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। इस 18 की खिलाड़ी के सामने अब 17वें नंबर की डारिया कसाटकिना की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज अमेरिका की हेली बैपटिस्ट पहली बार ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने में सफल रही। जेसिका बौजास मानेरो को 7-6, 6-1 से हराने वाली इस खिलाड़ी को अब मैडिसन कीज की चुनौती से निपटना होगा।



*पेरिस :* जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर खुशी मनातीं यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना।

# बोपन्ना और युकी की जोड़ियां फ्रेंच ओपन से बाहर




**पेरिस।** फ्रेंच ओपन में भारत के अभियान का रविवार को अंत हो गया जब रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पुरुष युगल वर्ग में तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। बोपन्ना और चेक गणराज्य के एडम पावलासेक दूसरी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 6-2, 7-6 से हारकर बाहर हो गए।

वहीं युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे को नौवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टियन हैरीसन और इवान किंग्स की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-4 से हराया। शुरुआत में भांबरी और गालोवे की सर्विस टूटी जिससे उनकी लय बिगड़ गई। इसके बाद नौवें गेम में उन्होंने चार सेट प्वाइंट बचाए लेकिन 0-40 से पिछड़ गए। हैरीसन ने फिर सर्विस तोड़कर पहला सेट अपनी टीम के नाम किया। दूसरे सेट में जब स्कोर 4-4 से बराबर था तब भांबरी की सर्विस टूटी जो निर्णायक साबित हुई। यह जोड़ी इसके बाद वापसी नहीं कर सकी।

इससे पहले हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही। बोपन्ना और पावलासेक इसके बाद अपनी सर्विस को भुनाने में सफल रहे लेकिन प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की सर्विस को ब्रेक करने में नाकाम रहे। बोपन्ना ने दूसरे सेट में शानदार शुरुआत कर अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना पहले गेम को अपने नाम किया। बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी के पास दूसरे सेट में उस समय बढ़त को बड़ा करने का मौका था जब वे 3-2 से आगे थे।

पैटन ने छठा गेम को डबल फॉल्ट से शुरू किया फिर एक और अंक गंवाकर 0-30 से पिछड़ गए लेकिन ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने लगातार चार अंक लेकर खतरे को टाल दिया। मैच के दूसरे सेट में कोई भी सर्विस ब्रेक नहीं हुआ जिससे मुकाबला टाई ब्रेकर में खिंच गया। हेलियोवारा की शानदार सर्विस रिटर्न ने दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को जीत दिला दी। जूनियर चैंपियनशिप में भारत के मानस धामने को निराशा मिली। वह अमेरिका के क्वालीफायर रोनित कार्की से 5-7, 3-6 से हारकर बाहर हो गए। सत्रह साल के धामने ने भी क्वालीफायर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था। वह मुख्य ड्रॉ में अपनी क्षमता के अनुसार नहीं खेल सके।

## ललित यादव के शतक से स्पोर्टिंग क्लब लाला रघुबीर सिंह क्रिकेट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** मैन ऑफ द मैच आईपीएल खिलाड़ी ललित यादव (156 रन ना., 79 गेंद, 4/43) ने धुआंधार शतक और शानदार गेंदबाजी कर शानदार ऑलराउंड खेल दिकाया। उनके अलावा जसमीत नैन (106 रन ना. 65 गेंद) के शतक और प्रिंस (2/60) की गेंदबाजी की बदौलत स्पोर्टिंग क्लब (37 ओवर में 333/5) 48वें लाला रघुबीर सिंह हॉट वैदर क्रिकेट टूर्नामेंट में माउंट क्रिकेट क्लब (40 ओवर में 329/9) पर पांच विकेट से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पराजित टीम की ओर से दिल्ली रणजी ट्रॉफी प्लेयर युगल सैनी (122 रन) ने शतक जड़ा जबकि सामंत जाखड़ (42 रन), यमित सहरावत (48 रन) व केशव डबास (39 रन) ने अच्छी पारियां खेली। समंत जाखड़ (3/13) ने बेहतरीन गेंदबाजी की। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड ललित यादव को मॉडर्न स्कूल बाराखंबा रोड के स्पोर्ट्स ऑफिसर नवीन चोपड़ा ने दिया।

**डीडीसीए लीग : समर्थ सेठ का नाबाद शतक**

समर्थ सेठ (100 नॉट रन ना.) के शतक, सोमबीर द्वितीय (72 रन) और मनीष सेहरावत (41 रन) की पारियों और प्रदीप पाराशर (2/29) की गेंदबाजी से कोलाज स्पोर्ट्स (33 ओवर में 245/5) डीडीसीए लीग मैच में कश्मीरी गेट कोट्स (35 ओवर में 244/5) को पांच विकेट से हरा दिया। पराजित टीम की ओर से मोहम्मद कैफ ने 57 रन, प्रियांश ने 53 रन व शिवांश ने 33 रन बनाए। समर्थ सेठ अब तक डीडीसीए लीग में अब तक 10 मैचों में चार शतकों के साथ 694 रन बना चुके हैं प्रीमियर डिवीजन में चौथे नंबर चल रहे हैं।

**युवराज और अश्विन की घातक गेंदबाजी**

मैन ऑफ द मैच युवराज सिंह (तीन विकेट) और फैजल खान (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी और अर्नव गुप्ता (27 रन) की पारी की बदौलत माइटी जगुआर (49/1) ने गुरु गोविंद सिंह कॉलेज में खेले जा रहे टर्फ जूनियर क्रिकेट लीग अंडर-14, 2025 के लीग मैच में ब्लेजिंग फाल्कन्स (47/7) पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। **संक्षिप्त स्कोर** - ब्लेजिंग फाल्कन्स अंडर-14 : 8.4 ओवर में 47/7 (शौर्यन 22 रन, युवराज सिंह 3/22, फैसल खान 2/20)। माइटी जगुआर अंडर-14 : 3.2 ओवर में 49/1 (अर्नव गुप्ता 27 रन, राजवीर तनेजा 8 रन, राज कुन्दन 1/23)। एक अन्य मैच में मैन ऑफ द मैच यशविन बैसोया (तीन विकेट) और सार्थक नायक (42 रन) की बदौलत वेलोसिटी वाइपर्स (138/5) ने माइटी जगुआर (137/9) पर पांच विकेट से जीत हासिल की। **संक्षिप्त स्कोर** -माइटी जगुआर अंडर-14 : 25 ओवर में 137/9 (वेदांत मलिक 32 रन, यशविन बैसोया 3/12, पनव शर्मा 1/2)। वेलोसिटी वाइपर अंडर-14 : 22.2 ओवर में 138/5 (सार्थक नायक 42 रन, अरमान अदलखा 24 रन, युवराज सिंह 2/25, फैसल खान 1/20)।

# बाजार,मुख्य सड़को पर आवारा जानवरों का साम्राज्य आपस में झगड़ने से आए दिन होती दुर्घटनाएं

**झांसी** गुरसराय नगर की प्रमुख सड़कों,बाजारों और चौराहों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।जिसकी वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पूर्व में आवारा पशुओं की वजह से कई बड़े हादसे भी हो चुके हैं।बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं।



बताते चले कि नगर में आवारा पशुओं का जमावड़ा इन दिनों दुर्घटना का कारण बना हुआ है। मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के कारण राहगीरों, वाहन चालकों का निकलना तक दूभर हो गया है।कई बार तो हालात यह हो जाते है कि आवारा पशुओं के कारण जाम लग जाता है।रात में स्थिति और विकट हो जाती है। मुख्य मार्ग पर आवारा पशु बैठे रहने से कई बार वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो जाते है।नगर के बाजार,पटकाना,गांधीनगर,मातवाना ,टीचर्स कॉलोनी,गुराई बाजार सहित कई स्थानों को सैकड़ों मवेशियों ने अपना ठिकाना बना रखा है।कई बार जानवर आपस में ही भिड़ जाते है जिसकी वीडियो कई बार सोशल मीडिया पर भी समय-समय पर वायरल होती रहती हैं।इनकी संख्या सुबह और शाम को ज्यादा हो जाती है। चौराहे या सड़क से गुजरने वाले वाहनों के हॉर्न से कई बार ये बिचक जाते है।जिसकी वजह से ये सड़क पर दौड़ने लगते हैं,और हादसे हो जाते हैं। बावजूद इसके सम्बन्धित अधिकारी इनकी पकड़ करने में असमर्थता जता रहे।अगर समय रहते नगर की प्रमुख सड़को और चौराहों से इन मवेशियों को नहीं हटाया गया तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। और इनकी संख्या आस-पास गाँव से आ रहे जानवरों के झुंड के झुंड आने से लगातार बड़ती जा रही हैं जिससे किसी भी दिन बहुत बड़ा हादसा हो सकता हैं इसको लेकर कस्बा व क्षेत्र के लोगों ने उपजिलाधिकारी गरौठा से पशुपालन, विकासखंड, नगर पालिका की संयुक्त टीम गठित कर इस संबंध में जल्द कार्यवाही की पहल की है ताकि आवारा गौवंशों को संरक्षण भी मिल सके और आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लेकर कोई बड़ी दुर्घटना न हो सके को रोका जा सके।

# हादसे को न्योता दे रहा सड़क पर खुला नाले का जाल

**झाँसी** गुरसराय( नगर के पाएगा मुहल्ला में सड़क के बीचों-बीच एक नाले का जाल काफी दिनों से खुला हुआ पड़ा है।तथा दो जाल अत्यधिक क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं।इस गली में कई वाहनों का आवागमन होता रहता है।सुबह से शाम तक वाहन निकलते है।वहीं घनी बस्ती होने के कारण बच्चे भी खेलते कूदते हैं,तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।इस सम्बन्ध में मुहल्ला वासियों ने बताया कि इस गड्ढे में कई बाइक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं,व कई बाइक चालक तो गिरते गिरते बचे।अगर ऐसे ही कई दिनों तक गड्ढा खुला पड़ा रहेगा,तो बड़ा हादसा हो सकता है।सड़क पर गड्ढे के कारण दुर्घटनाओं की हमेशा आशंका बनी रहती है।यहां आए दिन वाहन चालक असंतुलित हो जाते है।सबसे ज्यादा घटनाएं रात में होती है।इसका एक कारण अंधेरे में गड्ढे का दिखाई नहीं देना है।कस्बे के जागरूक लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द जाल लगवाएं जाने की मांग की है।



# कृषि कार्य करते वक्त किसान की मौत, दो बेटों के सिर से पिता का साया उठा

**झांसी** के मोंठ थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत पर कृषि कार्य करने गए एक किसान की अचानक मौत हो गई। घटना से गांव और परिजनों में शोक की लहर है खेत में अचेतत मिला जानकारी के अनुसार, ग्राम भौंराघाट निवासी 45 वर्षीय किसान नंदराम यादव पुत्र दयाशंकर यादव, रविवार सुबह लगभग 10 बजे अपने खेत पर कृषि कार्य करने गया था। कुछ देर बाद खेत में अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना परिजनों को मिली। परिजन जब खेत पहुंचे तो नंदराम यादव को बेहोशी की हालत में जमीन पर गिरा पाया। सीएचसी में मौत घटना की सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोंठ के ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुलिस कार्रवाई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मोंठ थाना के उपनिरीक्षक अवधेश कुमार ने शव का पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



दो बेटों के सिर से पिता का साया उठा बताया जा रहा है कि नंदराम यादव अपने परिवार के इकलौते सहारा थे। वह खेती किसानी करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। उनके परिवार में दो बेटे मनीष (19) और सुधीर (17) हैं।किसान की असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# थाना उल्दन में क्राइम मीटिंग के दौरान विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ली गई शपथ

झांसी जनपद के थाना उल्दन में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने तंबाकू का सेवन न करने तथा समाज में तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जनजागरूकता फैलाने की शपथ ली। पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के पश्चात एक महत्वपूर्ण क्राइम मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी महोदय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को साझा किया गया।



थाना प्रभारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए सभी आदेशों का अक्षरशः पालन किया जाए तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने हेतु तत्परता से कार्य किया जाए। इस अवसर पर थाना प्रभारी उल्दन दिनेश कुरील, चौकी प्रभारी बंगरा साजेश कुमार सिंह समेत समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

# एजूकेशनल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया गया



**झांसी।** सीपरी बाजार,मुबारक मार्केट के पास, स्थित श्री एजूकेशनल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना उपरांत से.नि सैनिक रविन्द्र कुमार निगम-अनीता निगम के करकमलों से किया गया। तदोपरान्त रविन्द्र निगम द्वारा मुख्य अतिथि मनोज कुमार खरे-विशिष्ट न्यायाधीश एवं आनन्द कुमार सक्सेना-चीफ वार्डन/कमाण्डिंग आफीसर सिविल डिफेन्स का माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर अतिथिगणों ने अपने उद्बोधन में अवगत कराया कि इंस्टीट्यूट पर सभी प्रकार के आनलाइन डिग्री /डिप्लोमा/ स्पेशलाइजेशन कोर्स योग्य प्रशिक्षकों के सानिध्य में उपलब्ध है जिससे वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत युवा पीढ़ी लाभान्वित हो सकती है। कार्यक्रम में संजय निगम, एड. देवेश श्रीवास्तव -ए.डी.जी.सी. (फौजदारी), प्रशान्त सक्सेना, धीरज निगम, एड. अजय कुमार सक्सेना, एड. अविनाश सक्सेना, मानसिंह वर्मा, संजय पाण्डेय, नरेश, अजय वर्मा संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय निगम ने किया।

# पति को था दूसरी लड़की से प्यार, इसलिए पत्नी को दिया मार, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**झाँसी** के टहरौली में एक विवाहिता का शव सड़क किनारे पड़ा मिला।। जिसकी सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है । वही मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाया है की मृतका के पति का दूसरी लड़की से प्रेम संबंध था। जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच में अक्सर विवाद होते थे। पति द्वारा पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या की गई है।

बताया गया है की मृतिका सपना ने देवेश पटेल से 3 साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों एक दूसरे से बेइंतहा प्यार करते थे। देवेश टहरौली के बँगरा बंगरी गांव का रहने वाला था। और सपना मऊरानीपुर की रहने वाली थी।। शादी के कुछ समय बाद सब कुछ ठीक चला।



फिर दोनों के बीच में एक अन्य युवती को लेकर विवाद होने लगा। आरोप है कि पति देवेश पटेल का गांव के ही एक लड़की से प्रेम संबंध हो गया। जिसको लेकर पति-पत्नी के बीच में अक्सर विवाद होने लगे। विगत रात्रि भी पति-पत्नी के बीच में विवाद हुआ जिसके बाद सपना ने अपने परिजनों से फोन पर बात की। और घर से टहरौली थाने के लिए निकल गई। लेकिन वह थाने नहीं पहुंची।

उसका शव घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर सड़क किनारे पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि ससुराल के लोगों ने उसकी हत्या की है।

वही पुलिस का कहना है कि पति-पत्नी बाइक से कही जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से पत्नी की मौत हो गई और पति की हालत गंभीर है। जिसका उपचार झांसी के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

# शहर कोतवाली पुलिस बनी देव दूत, आत्महत्या करने जा रहे युवक की बचाई जान

**झाँसी** में एक बार फिर पुलिस देव दूत साबित हुई। जहां आत्महत्या कर रहे युवक की जान समय पर पहुचकर पी आर वी 0364 के सिपाहियों न सिर्फ बचाई।बल्कि अचेत अवस्था में उपचार के लिए झाँसी मेडिकल कालेज में भर्ती भी कराया। वही पुलिस की सतर्कता ओर मानवता की झाँसी जिले में जमकर प्रशंसा हो रही है।बताया गया है कि झांसी के पठोरिया मोहल्ले से पीआरबी 0364 को एक महिला द्वारा सूचना मिली , के उसके पति देवेंद्र वर्मा पुत्र अशोक कुमार उम्र 30 वर्ष द्वारा अंदर से कमरे की कुंडी लगा ली है। और फांसी लगाकर आत्महत्या करने जा रहे हैं। जिसकी सूचना पर पीआरबी तत्काल मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर फांसी लगा रहे युवक को तत्काल फांसी के फंदे से नीचे उतारा और अचेत अवस्था में झांसी के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस का युवक की जान बचाते हुए वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस के कार्य की जिले में जमकर प्रशंसा की जा रही है।



## मेरठ में बीएड परीक्षा में मोबाइल लेकर पहुंची अभ्यर्थीः अंडरगारमेंट में छिपाया था फोन, लालकुर्ती थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

**मेरठ** मेरठ में रविवार को संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में बिहार निवासी अभ्यर्थी अपने अंडरगार्मेंट्स में मोबाइल फोन छिपाकर एग्जाम रूम में ले गई। मोबाइल या किसी भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस को लेकर एग्जाम रुम में जाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद महिला अभ्यर्थी के पास एग्जाम रूम में मोबाइल पाया गया। इसके बाद उसे परीक्षा से डिबार कर बाहर कर दिया गया। उसके खिलाफ लालकुर्ती थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। रविवार को बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा थी। मेरठ में 10 केंद्रों पर 5हजार अभ्यर्थी परीक्षा में रजिस्टर्ड थे। दो शिफ्ट में पेपर होना था। मॉर्निंग शिफ्ट में मेरठ कॉलेज में पूजा कुमारी नाम की अभ्यर्थी के पास एग्जाम रूम में मोबाइल निकला। मोबाइल या कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस पेपर में लेकर जाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद अभ्यर्थी अंडर गारमेंट में मोबाइल छिपाकर एग्जाम रूम में ले गई।

# ट्रेन के AC कोच में यात्री का हंगामा:शराब के नशे में सुपरवाइजर से बोला- 3 थप्पड़ मारूंगा, झांसी स्टेशन से पहले गायब हुआ

**झांसी** झांसी मंडल में चल रही आंध्रा प्रदेश एक्सप्रेस के AC कोच में एक शराबी यात्री ने जमकर हंगामा किया। उसे समझाने ट्रेन में मौजूद कर्मी पहुंचा तो यात्री उससे भी भिड़ गया। इतना ही नहीं उसने कर्मी को पीटने और जान से मारने की धमकी तक दे डाली। यहां झांसी आरपीएफ को सूचना मिली, लेकिन इससे पहले वह कोच छोड़कर दूसरे कोच में छिप गया।



घटना 31 मई की आधी रात की बताई जा रही है। जब विशाखापट्टनम से चलकर नई दिल्ली जाने वाली आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस झांसी मंडल में चल रही थी। ट्रेन जब झांसी पहुंचने वाली थी तो उसके थर्ड-ए कोच क्र-1 की अपर बर्थ पर लेटा लगभग 50 साल का यात्री शराब के नशे में हंगामा करने लगा। कोच में मौजूद अन्य यात्रियों ने उसे शांत कराने की कोशिश की तो वह दूसरे यात्रियों को भी धमकाने लगा। इससे कोच में मौजूद महिलाएं और बच्चे बुरी तरह सहम गए। इसी दौरान किसी अन्य यात्री ने रेलवे के कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए कहा कि यहां एक यात्री जमकर हंगामा कर रहा है और रोकने पर गालियां देने के साथ ही जान से मारने की धमकिंड रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी ट्रेन अटेंड करने पहुंची लेकिन तबतक हंगामा कर रहा यात्री किसी दूसरे कोच में जाकर छिप गया। इसके बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली।

सुपरवाइजर से बोला-एक नहीं तीन थप्पड़ मारूंगा

रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना मिलने के बाद वहां से ट्रेन में मौजूद सुपरवाइजर को मौके पर जाने के लिए कहा गया। जब सुपरवाइजर मौके पर पहुंचा तो हंगामा कर रहे यात्री ने उन्हें भी धमकाना शुरू कर दिया। सुपरवाइजर ने जब उससे कहा कि आप यर सीट छोड़िए तो वह उनसे भिड़ गया और बोला कि तुझे ठीक कर दूंगा। इस पर सुपरवाइजर ने कहा कि मुझे एक भी थप्पड़ नहीं मार सकेंगे, तभी शराबी यात्री बोला कि मैं तुझे एक नहीं 3 थप्पड़ मारूंगा।

दूसरे की सीट पर जमाया था कब्जा

यात्री बोले-हंगामा कर रहा यात्री जबरन दूसरे की सीट पर लेटा था, जब दूसरे यात्री ने उसे अपनी सीट से उठाने का प्रयास किया तो फिर हंगामा हो गया। सुपरवाइजर से शराबी यात्री चार हजार रुपए की मांग करने लगा। इस पर जब सुपरवाइजर ने कहा अपना पैसा मुझे क्यों मांग रहे हो, गवर्नमेंट से मांगो, बस इसी बात को लेकर यात्री उससे झगड़ा करने लगा।

खूब तलाशा पर नहीं मिला यात्री

घटना की सूचना मिलने के बाद आरपीएफ और जीआरपी ने ट्रेन के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर आने के बाद ट्रेन के क्र-1 कोच में सर्च किया, लेकिन हंगामा कर रहा यात्री नहीं मिला।

# झांसी में पकड़ा फर्जी TTE, कर रहा था वसूली:गले में इंडियन रेलवे लिखे रिबन के साथ डाला था कंपनी का आई कार्ड

**झांसी**

झांसी में ट्रेन से यात्रियों ने एक फर्जी TTE को पकड़ा है। वह ट्रेन में यात्रियों के टिकट चेक कर रहा था। लोगों ने उसके गले में निजी कंपनी का पहचान पत्र देखा तो उन्हें उस पर शक हो गया। इसके बाद उसे पकड़ कर रेलवे के TTE को सौंप दिया गया। यहां ट्रेन झांसी पहुंची तो TTE ने उसे आरपीएफ को सौंप दिया। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। घटना रविवार देर रात की है, जब लखनऊ से चलकर झांसी के वीरांगना लक्ष्मीबाई आ रही इंटरसिटी से एक फर्जी TTE यात्रियों ने पकड़ लिया। ट्रेन जब उरई स्टेशन से आगे बढ़ी तो उसके जनरल कोच में एक युवक सफेद शर्ट और काली पेंट पहने हुए कोच में टिकट चेकिंग करने लगा। उसके गले में इंडियन रेलवे लिखा रिबन था। इस पर लोगों को लगा कि वह वाकई रेलकर्मी है। लेकिन जैसे ही कुछ यात्रियों की नजर रिबन के साथ लगे पहचान पत्र पर पड़ी तो वह समझ गए कि वह फर्जी टीटीई है।



इसके बाद यात्रियों ने उसे पकड़ लिया और दूसरे कोच में ले गए। यहां उन्होंने फर्जी TTE को रेलवे के टीटीई संजय सिन्हा को सौंप दिया। TTE संजय सिन्हा ने झांसी कंट्रोल रूम को सूचना देकर स्टेशन पर एसीएम को बुला लिया। ट्रेन रात 11 बजे झांसी पहुंची तो फर्जी टीटीई को आरपीएफ के हवाले कर दिया गया। जहां उससे पूछताछ चल रही है।

## 30 रुपए में खरीदा था रिबन

बता दें कि झांसी समेत अन्य स्टेशन के बाहर इन दिनों कुछ लोग सड़क किनारे बैठकर इंडियन रेलवे, भारतीय रेलवे और NCR लिखे रिबन बेच रहे हैं। यहीं से फर्जी टीटीई ने 30 रुपए में रिबन खरीदा था। इसी रिबन का इस्तेमाल कर आरोपी खुद को रेलकर्मी दर्शाता था। उसके गले में रिबन देखकर यात्री उसे रेलकर्मी मान लेते थे। लेकिन रविवार उसका कंपनी आईकार्ड देख यात्रियों ने उसे दबोच लिया।

## रात्रि गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी लगाने की मांग



**बैतूल।** आमला में हाल ही में हुई डकैती की वारदात के बाद नागरिकों में दहशत का माहौल है। बीती रात आमला के वार्ड क्रमांक 12 भवानी नगर में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। रात्रि 2 से 3 बजे के बीच कुछ अज्ञात व्यक्ति वार्ड में घूमते नजर आए, जिन्हें क्षेत्रवासियों ने खुद देखा। इस संदर्भ में वार्ड पार्षद पद्मनी भंबरकर एवं साई स्पोर्ट्स एंड कल्चरल समिति आमला की ओर से आमला थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन में कहा गया है कि भवानी नगर एक शांत और रिहायशी क्षेत्र है, जहां अधिकांश निवासी सेवानिवृत्त बुजुर्ग हैं। क्षेत्र में मंदिर भी है जिसमें दानपेटी रखी गई है। वार्डवासियों ने जब इन संदिग्धों की हलचल देखी तो तत्काल डायल 100 पर कॉल करने की कोशिश की, लेकिन फोन नहीं लग पाया। इस संबंध में वार्डवासियों ने मांग की है कि क्षेत्र में नियमित रूप से रात्रि गश्त बढ़ाई जाए ताकि नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे। साथ ही क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की भी आवश्यकता बताई गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रिकॉर्ड किया जा सके। उल्लेखनीय है कि आमला थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले एक बड़ी डकैती की वारदात हुई थी, जिसके बाद नागरिकों में डर का माहौल है।

## ई-ऑफिस प्रणाली में जिला द्वितीय स्थान पर

**नर्मदापुरम।** प्रदेश में शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने एवं इसके सफल क्रियान्वयन में नर्मदापुरम जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस दिशा में जिले ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिला सूचना अधिकारी मनीष गुणवान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक 2500 से अधिक ए-फाइलों का सृजन किया जा चुका है तथा 10,000 से अधिक ई-फाइलों का आदान-प्रदान प्रमुख शासकीय कार्यालयों के मध्य किया गया है। वर्तमान में जिले के 47 शासकीय कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर लिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से फाइलों और पत्रों का संप्रेषण किया जा रहा है।

## संयुक्त परिवारों के मुखिया हुए सम्मानित



**बैतूल।** विनोबा नगर में संचालित इंटरनेशनल माइंड्स आई स्कूल में राठौर परिवार के मिलन कार्यक्रम में चार पीढ़ियों के 210 सदस्य शामिल हुए है। भगवताचार्य मनावत ने कार्यक्रम के सूत्रधार अनिल राठौर के प्रयासों से सफल हुए नवाचार की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई को भी उनके जन्मजयंती पर स्मरण कर नमन किया। राठौर परिवार मिलन कार्यक्रम में जिले के पांच संयुक्त परिवार के मुखिया भी सम्मानित हुए। इस अवसर पर 17 सदस्यीय परिवार के मुखिया रतनलाल पवार, पांच भाईयों के संयुक्त परिवार के मुखिया कमल मायवाड़ सहित मूलचंद साहू, श्रीराम सोनी, हरीश गढ़ेकर को रामदरबार का चित्र देकर सम्मानित किया गया। लोकमाता अहिल्या के जीवन पर पुस्तक लिखने पर साहित्यकार प्रवीण गुगनानी को सम्मानित किया गया।

## परिवार बचाना है तो धीमें जहर हो छोड़ना होगा



**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और शपथ ग्रहण किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे ने कहा कि तंबाकू आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन के लिए धीमा जहर है इसे छोड़कर आप अपने और अपने परिवार को बचा सकते हैं। डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि समाज में व्याप्त इस नशे की बीमारी को खत्म करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। इस अवसर पर डॉ. दशरथ मीणा, सवाली लोखंडे, दीपिका साहू, डॉ. शिवलाल साहू, राजा अतुलकर, डॉ. सुदामा कोकाटे, जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू कि उपस्थिति थे। इस दौरान अंजली नागोरे, आयुष नागोरे, पलक राजगोंड, कामिनी खवसे, भारती गावंडे, आरती नागले, अनामिका, हर्षिता नर्रे, माधुरी आदि मौजूद रहे।

## वार्ड क्रमांक-9 में विकास कार्य का भूमिपूजन

# आगामी दिनों में 100 करोड़ के विकास कार्य होंगे: प्रिंस

सीहोर



आज हमारा शहर विकसित महानगर की तरह विकास कार्य कर रहा है। इसका सारा श्रेय वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर है। जो नाम के अनुरूप ही शहर का विकास कर रहे है। उक्त विचार शहर में नगर पालिका के तत्वाधान में वार्ड क्रमांक-9 में करीब बारह लाख के विकास कार्य के भूमि पूजन के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहे। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद विशेष अतिथि विधायक सुदेश राय ने कहाकि सीहोर शहर में व्यवस्थित रूप से विकास हो रहा है और हमारा शहर नपाध्यक्ष राठौर के द्वारा विकास की ओर अग्रसर है। रविवार को वार्ड क्रमांक-9 चाणक्यपुरी के अंतर्गत आने वाले पोस्ट आफिस कौलोनी में करीब 12 लाख की लागत से सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

इस मौके पर वार्ड के पार्षद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, प्रदीप बिजोरिया, अजय पाल सिंह राजपूत, विजेन्द्र परमार आदि शामिल थे।वार्ड क्रमांक -9 में आयोजित 12 लाख की लागत से किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन के दौरान नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि हमारे भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा और विधायक राय सहित परिषद के सभी साथी पार्षदों के सहयोग से हर वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्य किया जा रहा है। नागरिकों को सुविधा देने के लिए शहर की सफाई एवं पेयजल व्यवस्था, कूड़ा उठान, सड़कों, नालों का निर्माण एवं डिवाइडर का निर्माण एवं मरम्मत कराए जाने का काम परिषद है। वहीं आगामी दिनों में 100 करोड़ों के विकास कार्य ओर किए जाएंगे।

## चौकीदारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं: रामदास

सोहागपुर



मढई के जंगल में बाघ के मुंह से साथी बृजेंद्र चौकीदार की जान बचाने वाले दुस्साहसी चौकीदार रामदास को इस बात गर्व है कि उसने हिम्मत से काम लेकर अपने साथी चौकीदार की जान बचा ली जोकि रिश्ते में उसका साला भी है। रामदास के मुताबिक बुधवार की रात 7 बजे होंगे। हम फोन पर परिवार से बात करने के लिए नेटवर्क की तलाश में चौकी से बाहर निकले ही थे कि मेरे से 10 मीटर की दूरी पर बृजेंद्र पर टाइगर ने हमला कर दिया। हमला होते ही बृजेंद्र जमकर चिल्लाया कि जीजा मुझे बचाओ। मैंने बगैर कोई परवाह किए चिल्लाते हुए टाइगर की ओर दौड़ लगा दी। मेरे द्वारा जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर बाघ भाग गया। तभी बिजेंद्र ने पानी मांगा, मैं पानी लेने के लिए बाहर निकला तो टाइगर कैंप के बाहरी ही खड़ा था। मैं तुरत ही बाहर से पानी लेकर अंदर घुसा और गेट लगा लिया। रामदास ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाए तो चौकी पर हम लोगों के पास कुछ नहीं रहता। जंगल में जब पेट्रोलिंग की जाती है तो हमारे पास सिर्फ एक कुल्हाड़ी रहती है। इसके अलावा कुछ भी नहीं रहता। जिस समय चौकी पर घटना घटी, उस समय भी हमारे पास कुछ नहीं था। शासन कोई आवाज करने वाली चीज ही दे दे तो काफी राहत मिलेगी।

## संयुक्त दबिश में 26 गोवंश बरामद

**बैतूल।** जिले के चुनालोहमा क्षेत्र में ताप्ती नदी किनारे के जंगल में राष्ट्रीय हिंदू सेना की सक्रियता और पुलिस के संयुक्त प्रयास से गोवंश तस्करी का एक बड़ा रैकेट उजागर हुआ है। यहां झाड़ियों और नालों में छिपाकर क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए भूखे-प्यासे 26 नग गोवंश को रस्सियों से बांधकर रखा गया था। गोतस्कर महाराष्ट्र के कत्लखानों में इन्हें ले जाने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही संगठन और पुलिस की दबिश में उनकी पूरी साजिश नाकाम हो गई। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि जिले में महाराष्ट्र के गोतस्कर सक्रिय हैं, जो भोले-भाले किसानों को झांसे में लेकर उनसे गोवंश खरीदते हैं और फिर कत्लखानों में बेच देते हैं। अब यह तस्कर गोवंश को पैदल जंगल के रास्तों से ले जाकर तस्करी कर रहे हैं।

## तंबाकू दिवस पर जनजागरुकता कार्यक्रम संपन्न, दी जानकारी

बैतूल



सामुदायिक पुलिसिंग सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन पुलिस विभाग के स्वास्थ्य कार्यालय में किया गया। प्रदीपन संस्था बैतूल की सचिव रेखा गुजरे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 100 बच्चों की उपस्थिति रही। संस्था की सामाजिक कार्यकर्ता चारू वर्मा ने इस वर्ष की थीम ₹डार्क इंटिमेशन₹ के बारे में बताया और बच्चों को यह समझाया कि तंबाकू उत्पादों का निर्माण समाज के लिए हानिकारक मंशा के साथ होता है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे अपने घरों में बड़ों को तंबाकू, बीड़ी या सिगरेट का सेवन करते हुए देखते हैं, तो वे भी उसकी ओर आकर्षित होते हैं और चोरी-छिपे इसका सेवन करने लगते हैं। यह न केवल उनके शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है, बल्कि शिक्षा से भी दूर कर देता है। चारू वर्मा ने यह भी बताया कि तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन से गंभीर बीमारियां होती हैं और कम उम्र में मृत्यु की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में बच्चों को इनसे दूर रहना चाहिए और परिवार एवं समाज को भी इस दिशा में जागरूक रहना चाहिए।

## अभिषेक वाईकर बने आबकारी उपनिरीक्षक



**बैतूल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी 2019 का परिणाम 26 दिसंबर 2023 को देर रात घोषित हुआ था, जिसमें बैतूल जिले के पाथाखेड़ा निवासी अभिषेक वाईकर का नाम प्रतीक्षा सूची में था। लगभग एक वर्ष बाद पद रिक्त होते ही उनका चयन आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर हो गया। अभिषेक का यह चयन साधारण नहीं रहा। उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए लगातार कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ एमपीपीएससी की तैयारी की। कई उतार-चढ़ाव और असफलताओं के बाद उन्होंने हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य पर डटे रहे। अंततः उनका संघर्ष रंग लाया। अभिषेक का जन्म पाथाखेड़ा क्षेत्र में हुआ, जहां उनके पिता स्व. हीरालाल वाईकर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की तवा खदान में वरिष्ठ ओवरमैन के पद पर कार्यरत थे। अभिषेक ने अपनी स्कूली शिक्षा ज्ञानदीप हायर सेकंडरी स्कूल, पाथाखेड़ा से, स्नातक शासकीय महाविद्यालय भेल से पूर्ण की।

## अहिल्याबाई की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित




सीहोर

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर जन्मोत्सव समिति एवं जिला सहकार भारती के द्वारा क्रिसेंट ग्रीन गार्डन में शिवशक्ति समागम समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मातृशक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीहोर जिला कलेक्टर सेवानिवृत्ति आईए एस कवींद्र कियावत और मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. निवेदिता चतुर्वेदी, विधायक सुदेश राय और अरुणा राय सहित समाज की अग्रणी महिलाओं एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। बालिकाओं के दलों के द्वारा विभिन्न सामूहिक नृत्य के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के शौर्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति आईएएस कविंद्र कियावत, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय,मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. निवेदिता चतुर्वेदी ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर उनके संघर्ष पर और उनकी प्रशासनिक व्यवस्था पर नारी सशक्तिकरण में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका तथा समाज सुधार के उनके कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के सम्माननीय नगरीकरण महिला पुरुष बच्चे सम्मिलित रहे।

## महिल मंडल जिला कार्यकारिणी घोषित



बैतूल

देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर पाल भवन में सेवा भारती बैतूल द्वारा महिला मंडल जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ साक्षी शर्मा द्वारा अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर स्वरचित गीत गाकर किया गया, जिससे वातावरण में एक प्रेरणादायक ऊर्जा फैल गई। सेवा भारती प्रांत संयोजिका तारा विश्वकर्मा ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श जीवन और सेवा भावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेवा भारती बैतूल महिला जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें निम्न पदाधिकारी नियुक्त किए गए। जिला संयोजिका के रूप में रीता दत्त को दायित्व सौंपा गया। सह संयोजिका महिला मंडल के रूप में विद्या सरोदे और ज्योति मिश्रा की घोषणा की गई। भजन मंडली प्रमुख की जिम्मेदारी साक्षी शर्मा को दी गई। भजन मंडली सह प्रमुख के रूप में वंदना रघुवंशी और कुसुम लता यादव को नियुक्त किया गया। निवेदिता आयाम प्रमुख की भूमिका ममता यादव को दी गई, जबकि सह प्रमुख सपना दवंडे को बनाया गया। वैभवश्री आयाम प्रमुख की जिम्मेदारी नीतू तायवाड़े को दी गई और सह प्रमुख का कार्य स्वाति विश्वकर्मा को सौंपा गया।

## बाघ ने किसान पर किया हमला

**सीहोर।** जिले के बुधनी इलाके में रविवार को एक किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। घटना गांव खोहा-मुरारी की है। किसान अर्जुन अपने खेत में मूंग की फसल की रखवाली के लिए जा रहा था। अर्जुन रोज की तरह अपने कुत्ते के साथ खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान पास के धान के खेत में बनी बनडी के पीछे से बाघ ने अचानक हमला कर दिया। बाघ ने उसके हाथ पर पंजा मारा। किसी तरह अर्जुन वहां से भागने में सफल रहा। वन विभाग की टीम घायल किसान को बुधनी अस्पताल ले गई। वहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। रेंजर प्रकाश ने बताया कि वन विभाग किसान को आवश्यक सहायता उपलब्ध करा रहा है। इलाके में बाघों का मूवमेंट लगातार बढ़ रहा है।

## देर से आई बस तो चाबी निकाल ले गए युवक

सीहोर

कोतवाली थाना पुलिस ने हाइवे पर बस रोककर बस यात्रियों के साथ मारपीट और लूट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि इन आरोपियों ने बस को रोककर यात्रियों से 16 हजार लूटे थे। रविवार को सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। बताया गया है कि विगत रात्रि में इंदौर से जबलपुर जाने वाली निजी बस जिला मुख्यालय पर विलंब से पहुंची तो बुकिंग कराने वाले युवक इतने आक्रोशित हो गए कि उन्होंने पहले तो बस स्टाफ से बुकिंग के पैसे वापस लिए। फिर बस की चाबी निकालकर चलते बने। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने बस में सवार सभी यात्रियों को दूसरे वाहन से गंतव्य की तरफ रवाना किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय मंडी निवासी मुकेश बैरागी, अमन बैरागी व प्रीतम ने इंदौर से जबलपुर के बीच चलने वाली निजी बस में टिकट बुक कराए थे। बताया जाता है कि बस निर्धारित समय से देरी से आई. जिससे तीनों युवक आक्रोशित हो गए। उन्होंने पहले तो बस स्टॉफ के साथ बदसलूकी की। उनसे टिकट के पैसे वापस लिए और जाते- जाते बस की चाबी निकालकर ले गए। इस दौरान बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे।

# जिला भाजपा कार्यालय में मनाई लोकमाता अहिल्या की देवी जयंती

बैतूल



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर त्रिजन्मशताब्दी समारोह पखवाडे के अंतर्गत जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में उनकी जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने मंदिरो के जीर्णोद्धार के माध्यम से देश की सांस्कृतिक आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना का संरक्षण और संवर्धन किया था, जिस तरह से 300 वर्ष पहले देवी अहिल्या बाई ने महेश्वरी साडियो के माध्यम से बहनों के सशक्तिकरण और उन्हे आत्म निर्भर बनाने के प्रयास किए थे। वैसे कार्य हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लोकमाता देवी अहिल्या देवी के निर्धारित मापदंडों के चलते हुए भारत को परम वैभवशाली बनाने की दिशा में निरंतर चल रहे है। इस अवसर कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिलाउपाध्यक्ष आनंद प्रजापति, रश्मि साहू, इंद्रपाल पुण्डे, जिला कार्यालय मंत्री कृष्णा गायकी, सह कोषाध्यक्ष दिपक सलूजा, महेश राठौर, महेश्वर सिंह चंदेल, संजू सोलंकी, सुनीता देशमुख, विक्रम वैद्य, नीतिन बारस्कर, कैलाश धोटे, पिंटू परिहार, विजय जसूजा, पवन यादव, पिंटू महाले, आशीष पंवार, अंशुल मिश्रा, मुकेश झारे, सतीश महाते, भावेश चढोकार, जयकिशोर साहू आदि मौजूद थे।

## दरियागंज जोड़ के पास तेज रफ्तार ने ली तेंदुए की जान



बैतूल

इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे 59 पर दरियागंज जोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से नर तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई। इस क्षेत्र में तेंदुए सहित अन्य वन्य प्राणियों का आवागमन लगातार होता है। यह विगत 11 दिनों में बैतूल में तेंदुए की मौत का दूसरा मामला है। बैतूल के पश्चिम वन मंडल के गवासेन वन परिक्षेत्र में एक और तेंदुए की मौत हो गई है। हाईवे से गुजर रही एक बस के स्टाफ ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को वन परिक्षेत्र कार्यालय पहुंचाया। दोपहर में बैतूल और चिचोली के पशु चिकित्सकों की टीम ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया। डॉ. कैलाश तंवर और डॉक्टर निशा परतेती ने पोस्टमार्टम किया। तेंदुए की उम्र 3 से 4 वर्ष थी। सिर और सीने में चोट के कारण उसकी मौत हुई।

## श्याम बाबा की महफिल में डूबे प्रेमी



सिवनीमालवा

हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा करने वाला श्याम कराने वाला श्याम के आयोजकों द्वारा श्याम कीर्तन की महफिल के आयोजन अवसर पर पूरे पंडाल को फूलों एवं लाइटिंग से सजाया गया। बाबा श्याम का अद्भुत एवं आलौकित श्रृंगार किया गया। पूरे पंडाल में पुष्प एवं इत्र वर्षा की गई। कार्यक्रम में जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन अभिषेक नामा एवं इटारसी के सुप्रसिद्ध भजन गायक हार्दिक राठी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम प्रेमी भक्त भजनों को सुनकर भाव विभोर हो गये। भक्तों ने मीठे मीठे मधुर भजनों को गायक के साथ गुनगुनाये एवं भजनों पर झूम उठे। इस अवसर पर श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

स्वामी,प्रकाशक, मुद्रक व संपादक धर्मवीर सिंह द्वारा राजधानी ग्राफिक्स सिंधिया नगर मरघट पहाड़ी महलगांव ग्वालियर से मुद्रित, 2-3 सिंधिया नगर हिल नाका चंद्रबदनी ग्वालियर से प्रकाशित। **सम्पादक:** धर्मवीर सिंह कुशवाह-पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो. 6262111280 **RNI No. MPHIN/2015/66645-Email:003rajdhanimedia@gmail.com**